RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक A.R समाचार–पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 163 | कुशीनगर | बुधवार 14 अप्रैल, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये





## पीएम ने जलियांवाला बाग नरसंहार के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलियांवाला बाग नरसंहार के शहीदों को मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ट्वीट किया, ''जलियांवाला बाग के शहीदों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं। उनका साहस, बलिदान और उनकी वीरता हर भारतीय को मजबूती देते हैं।'' देश की आजादी के इतिहास में 13 अप्रैल का दिन एक दुखद घटना के साथ दर्ज है। वर्ष 1919 में आज ही के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा के लिए जमा हुए हजारों लोगों पर अंग्रेजी हुकूमत ने अंधाधुंध गोलियां बरसाई थीं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे। इतिहास के पन्नों में यह घटना जलियांवाला बाग नरसंहार के रूप में दर्ज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा ष्आप सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएँ!




## ओडिशा में कोरोना के 1,784 नए मामले, दो और लोगों की मौत

भुवनेश्वर,एजेन्सी। ओडिशा में मंगलवार को कोविड–19 के 1,784 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,53,086 हो गयी है। वहीं, संक्रमण से दो और लोगों के दम तोड़ने से राज्य में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,930 हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने इस बारे में बताया। अधिकारी ने बताया कि राज्य में पृथक–वास केंद्रों में 1,035 नए मामले सामने आये जबकि संक्रमितों के संपर्क में आये लोगों की पहचान के दौरान 749 नए मामलों का पता चला। अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की सीमा से लगते नुआपाड़ा जिले में सबसे अधिक 303 नए मामले सामने आये। इसके बाद सुंदरगढ़ में 241 मामले और खुर्दा में 201 मामले आये। भद्रक और बोलांगीर जिलों में संक्रमण से एक–एक मरीज ने दम तोड़ा। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमण के कारण पहले से गंभीर रोग से ग्रसित अब तक 53 मरीजों की मौत हुई है। ओडिशा में वर्तमान में 10,503 मरीज उपचाराधीन हैं और अब तक 3,40,600 लोग स्वस्थ हुए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में सोमवार को 28,013 नमूनों की कोविड–19 संबंधी जांच समेत अब तक 94.28 लाख से अधिक नमूनों की जांच हुई है।



हरिद्वार में 12 अप्रैल को सोमवती अमावस्या का शाही स्नान कड़ी चुनौती और संतों की नाराजगी के बाद भी निर्धारित समय पर पूरा हुआ। मेला प्रशासन के मुताबिक समय प्रबंधन का पालन करते हुए 110 सालों में पहली बार अखाड़ों ने निर्धारित समय अवधि में स्नान किया।

## हिमाचल प्रदेश के पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह कोरोना वायरस से संक्रमित



शिमला,(एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सोमवार को ट्वीट करके यह जानकारी दी। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह रविवार को संक्रमित पाए गए थे। ठाकुर ने पूर्व मुख्यमंत्री के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की। कांग्रेस के 86 वर्षीय दिग्गज नेता सोलन जिले के अर्की से विधायक हैं। ठाकुर ने बताया कि उन्होंने सिंह के परिवार के सदस्यों से बातचीत की है।

## जेपी नड्डा ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार पर जमकर साधा निशाना

तिरुपति,(एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार के शासन को कुशासन करार देते हुए आरोप लगाया कि यह पार्टी भ्रष्टाचार और वंशवाद में लिप्त है और इसका धर्मनिरपेक्षता में विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा, ''भ्रष्टाचार, वंशवाद और धर्मनिरपेक्षता में विश्वास नहीं करना इस सरकार के कुशासन की पहचान है। राज्य में करीब 150 हिंदू मंदिरों पर हमले हुए और अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।'' वह नेल्लोर में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। तिरुपति (आरक्षित) सीट पर उपचुनाव होना है और वह यहाँ भाजपा प्रत्याशी के. रत्नाप्रभा के समर्थन में रैली कर रहे थे। उन्होंने यहाँ पहले भगवान वेंकेटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की।




### ममता पर बरसे अमित शाह, बोले....

# दीदी के वोटर घुसपैठिए



दार्जिलिंग,एजेन्सी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ममता बनर्जी के बाहरी कार्ड का जवाब देते हुए कांग्रेस, कम्युनिस्ट दलों और टीएमसी पर हमला बोला है। दार्जिलिंग में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, श्दीदी मुझे बाहरी कहती हैं। वह पीएम नरेंद्र मोदी को बाहरी बताती हैं। दीदी, मैं आपको बताता हूं कि बाहरी कौन हैं। कम्युनिस्ट विचारधारा बाहरी है, रूस और चीन से आई है। कांग्रेस की लीडरशिप बाहरी है, जो इटली से आई है। टीएमसी का वोटबैंक बाहरी है, जो घुसपैठिए हैं।श दरअसल ममता बनर्जी अकसर चुनाव प्रचार के दौरान बांग्ला कार्ड खेलती रही हैं और बीजेपी के नेताओं को बाहरी करार देती रही हैं। यही नहीं दार्जिलिंग में गोरखा समुदाय को लुभाते हुए अमित शाह ने कहा कि बीजेपी आपके सम्मान के लिए किसी से भी लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा, श्गोरखा और नेपाली भाईयों– यदि कोई आपको डराने का प्रयास करता है तो डरें नहीं। गोरखा और नेपाली समुदाय के सम्मान के लिए बीजेपी किसी से भी लड़ सकती है।श यही नहीं उन्होंने गोरखा समुदाय की 11 जातियों को एसटी का दर्जा दिए जाने का भी वादा किया। अमित शाह ने कहा कि ममता दीदी को हटाओ और बीजेपी का सीएम बनाओ। पार्टी गोरखा समुदाय की 11 जातियों को एसटी का दर्जा देगी। यही नहीं 1986 की घटना को याद करते हुए अमित शाह ने कहा कि कम्युनिस्टों ने पहाड़ियों पर आग लगा दी थी। इसमें 1,200 गोरखाओं की मौत हो गई थी। दीदी ने कुछ नहीं किया। तमाम लोगों की मौत हुई थी और हजारों लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। लेकिन उस केस में चुनिंदा लोगों पर से एफआईआर को वापस ले लिया गया। बीजेपी की सरकार बनने के बाद गोरखा लोगों के खिलाफ दर्ज केसों को एक सप्ताह के भीतर ही वापस ले लिया जाएगा। बता दें कि गोरखालैंड से बीजेपी को चुनाव में बड़ी उम्मीदें हैं। पश्चिम बंगाल में 8 चरणों में वोटिंग हो रही है, जिसमें से अब तक 4 राउंट में मतदान हो चुका है। 2 मई को 4 अन्य राज्यों के साथ ही पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजों का भी ऐलान होगा।

### ममता के धरने पर दिलीप घोष का पलटवार

बंगाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि वे चुनाव को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। चुनाव आयोग को निशाना बना रहे हैं। ईवीएम को लूटने के लिए बोल रहे हैं। केंद्रीय बलों पर हमला कराया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी ममता बनर्जी की है। वे आयोग का निर्णय न मानकर आंदोलन कर रही हैं। एक सीएम को यह शोभा नहीं देता।

### बंगाल में अमित शाह की रैली

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रैली कर रहे हैं। बता दें कि 17 अप्रैल को बंगाल में पांचवें चरण का चुनाव है। रैली में अमित शाह ने ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस, कम्यूनिस्टों और टीएमसी तीनों ने मिलकर गोरखाओं के साथ सालों तक अन्याय किया है।

### राहुल सिन्हा पर 48 घंटे का बैन

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल चुनाव के बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा के राहुल सिन्हा पर भी 48 घंटे का बैन लगा दिया है। अब भाजपा के नेता राहुल सिन्हा दो दिन तक राज्य में चुनाव प्रचार नहीं कर सकेंगे। बता दें कि राहुल सिन्हा ने कूचबिहार हिंसा को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था।

### लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर मजदूरों की भारी भीड़

मुंबई के कुर्ला में लोकमान्य तिलक टर्मिनस में प्रवासी मजदूरों को काफी भीड़ देखी गई, जिसके बाद इलाके में हड़कंच मच गया। हालांकि सेंट्रल रेलवे के पीआरओ ने बताया कि घबराने की बात नहीं है, हर गर्मी के मौसम में प्रवासी मजदूरों की भीड़ उमड़ती है।

## भाजपा के कहने पर चुनाव आयोग ने ममता को प्रचार से रोकाः राउत

मुंबई,(एजेंसी)। शिवसेना सांसद संजय राउत ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 24 घंटे तक प्रचार मुहिम से रोकने का निर्णय भाजपा के कहने पर लिया है। राउत ने ट्वीट किया कि यह देश की स्वतंत्र संस्थाओं की सम्प्रभुता और ''लोकतंत्र पर सीधा हमला'' है। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता ने बनर्जी के साथ एकजुटता जताते हुए उन्हें ''बंगाल की शेरनी'' करार दिया। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। शिवसेना इस चुनाव में नहीं लड़ रही है, लेकिन उसने बनर्जी को अपना समर्थन दिया है। आयोग ने बनर्जी के केंद्रीय बलों के खिलाफ बयानों और कथित धार्मिक प्रवृत्ति वाले एक बयान के कारण उनके 24 घंटे तक चुनाव प्रचार करने पर रोक लगा दी है। राउत ने ट्वीट किया, ''ईसीआई (भारत निर्वाचन आयोग) ने ममता दीदी पर 24 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यह स्पष्ट रूप से भारत में सत्तारूढ़ पार्टी के कहने पर किया गया।'' उन्होंने ट्वीट किया, ''यह भारत में स्वतंत्र संस्थानों की सम्प्रभुता और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। मैं बंगाल की शेरनी के प्रति एकजुटता व्यक्त करता हूं।''

## अखिलेश ने कराया टेस्ट, योगी पर तंज कसते हुए पूछा– स्टार प्रचारक कहां हैं?

लखनऊ,(एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पिछले कई दिनों से हल्का बुखार महसूस कर रहे थे। मंगलवार को उन्होंने कोरोना की जांच करवाई। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मी द्वारा सैंपल लेने की तस्वीर ट्विटर पर डाली और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि उत्तर प्रदेश में कोरोना से जो हाहाकार मचा है उसके लिए भाजपा सरकार को जवाब देना होगा कि उसने कोरोना पर नियंत्रण पाने का झूठा ढिंढोरा क्यों पीटा? टीका, टेस्ट, डॉक्टर, बेड, एंबुलेंस की कमीय टेस्ट रिपोर्ट में देरी व दवाई की कालाबाजारी पर भाजपा सरकार चुप क्यों है? उन्होंने पूछा कि स्टार प्रचारक कहां हैं? बता दें कि अखिलेश यादव पिछले एक साल से योगी सरकार पर कोविड को लेकर ठीक से प्रबंधन न करने का आरोप लगा रहे हैं। प्रदेश में अब हर रोज 10 हजार से ऊपर कोरोना संक्रमित सामने आ रहे हैं। इस दौरान लोगों को अस्पतालों में बेड सहित अन्य सभी स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने की खबरें सामने आ रही हैं। यूपी में 72 मौतें, 13,685 नए संक्रमित उत्तर प्रदेश में सोमवार को नए मरीजों की संख्या में कुछ कमी तो आई, लेकिन संक्रमण से रिकॉर्ड 72 लोगों की मौत हो गई।



## दीदी का धरना, बीजेपी बोली– डिफीट के बाद की प्रैक्टिस है

कोलकाता,(एजेंसी)। ममता बनर्जी ने आज धरने का ऐलान किया है। दोपहर बाहर बजे से ममता का धरना है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गांधी मूर्ति के पास धरना प्रदर्शन करने के लिए पहुंची हैं। बंगाल में पांचवें राउंड की वोटिंग से पहले आज पॉलिटिक्स का हाई वोल्टेज दिन है। चुनाव आयोग ने भड़काऊ और विवादित बयानों के लिए ममता बनर्जी पर बड़ा एक्शन लिया है। उनके प्रचार पर 24 घंटे की पाबंदी लगा दी गई है। लेकिन इससे ममता नाराज हो गईं हैं। ममता बनर्जी ने आज धरने का ऐलान किया है। दोपहर बाहर बजे से ममता का धरना है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गांधी मूर्ति के पास धरना प्रदर्शन करने के लिए पहुंची हैं। वहीं बीजेपी ने ईसी के एक्शन के बाद ममता के रिएक्शन को लेकर निशाना साधा है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के प्रचार पर 24 घंटे का प्रतिबंध लगने के बाद धरने पर बैठे जाने पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ममता दीदी का धरना टैक्टिस, डिफीट के बाद की प्रैक्टिस है। वे अपनी सरकार का हिसाब नहीं दे पाईं। उन्होंने एक ही धर्म को नहीं फॉलो किया, वो है राजधर्म। क्या कहा था ममता ने तीन अप्रैल को हुगली के तारकेश्वर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा अल्पसंख्यक समुदाय से उनका वोट बंटने नहीं देने की अपील की थी। बंगाल में बीजेपी व विरोधी राजनीतिक दलों ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की थी। चुनाव आयोग का एक्शन चुनाव आयोग की तरफ से सोमवार शाम को आदेश जारी करते हुए कहा गया कि आयोग पूरे राज्य में कानून व्यवस्था की गंभीर समस्याएं पैदा कर सकने वाले ऐसे बयानों की निंदा करता है।

## राज्य के कानून मंत्री ने कहा– हालात नहीं सुधरें तो लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है

लखनऊ,(एजेंसी)। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। मंगलवार को योगी सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने हेल्थ डिपार्टमेंट के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और प्रिंसिपल सेक्रेटरी को पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि लखनऊ के स्थिति बहुत चिंताजनक है। अस्पतालों में बेड नहीं हैं, न तो मरीजों को समय पर एंबुलेंस मिल रही है और न ही उनका इलाज हो पा रहा है। कानून मंत्री ने कहा कि पद्मश्री डॉक्टर योगेश प्रवीण को एंबुलेंस दिलाने के लिए फोन किया, लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। कोरोना के मौजूदा हालात को अंगर कंट्रोल नहीं किया गया तो हमें लखनऊ में लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है। कानून मंत्री की चिट्ठी सामने आने के बाद विपक्ष योगी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कैबिनेट मंत्री की चिट्ठी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि जिस मुख्यमंत्री से लखनऊ नहीं संभल रहा है उससे न्च क्या संभलेगा? कहा कि लखनऊ के हालात बेहद खौफनाक और चिंताजनक हैं। न्च सरकार के कानून मंत्री की यह चिट्ठी स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बयां कर रही है। कानून मंत्री चिट्ठी में और क्या लिखा? 4 से 7 दिन में मिल रही रिपोटर्रू कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक ने लिखा है कि, चीफ मेडिकल ऑफिसर (ब्डव्) के ऑफिस में फोन करने पर उत्तर नहीं दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत सीनियर ऑफिसर्स से की गई है।



# मेरा लक्ष्य पूर्व में किए गए विकास को दोबारा गति देना-शान्ति देवी

अमित रेखा–शैलेश कुमार बंटी

सेवरही–कुशीनगर। जनपद के विकास खण्ड सेवरही के ग्राम पंचायत कोईन्दी बरियारपुर से प्रधान प्रत्यासी शान्ति देवी ने कहा कि पिछले चुनाव मे जिन लोगों ने ग्राम सभा का प्रतिनिधित्व किया सबने ग्रामीणों को ठगने का कार्य किया ।जो विकास



मेरे पति राधेश्याम गौंड़ ने वर्ष 1995 में बतौर प्रधान रहते हुए किया था। अगर उसका दस प्रतिशत भी पूर्ववर्ती प्रधान लोग विकास किए होते तो दावें के साथ कह सकती हूं कि आज अपना ग्राम पंचायत आदर्श पंचायत के रूप में विकसित होता।आपने मेरे पति का कार्य काल देखा है।अपने पति के द्वारा किए गए विकास कार्यों के बदौलत आप सभी सम्मानित जनता के दरबार में वोट मांग रही हूं।शान्ति देवी के चुनाव लड़ने से इस बार चुनाव काफी रोमांचक हो गया है।जनता से मिल रहे स्नेह एवं आशीर्वाद के लिए शान्ति देवी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके एक एक वोट की कीमत विकास के रूप में वापस करूंगीद्यइस चुनावी जनसंपर्क के दौरान राधेश्याम गौंड़ पूर्व प्रधान, हरिकेश गिरी,मुन्ना गिरी,उमेश यादव समेत काफी लोग उपस्थित रहे।

# रेड क्रॉस सोसाइटी कुशीनगर की नई कार्यकारिणी के गठन के संबंध में सदस्यों की बैठक

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एस राजलिंगम की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में रेडक्रॉस के 49 सदस्यों में से 10 लोगों की बॉडी का चुनाव किया गया चेयरमैन के लिए संजय कुमार वाइस चेयरमैन के



लिए अजय गुप्ता अध्यक्ष जिला अधिकारी, उपाध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी को चुना गया जिलाधिकारी ने निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी, एवं कोविड–19 से सम्बन्धित जागरुकता कार्यक्रम सहित अन्य कार्यों में बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि सोसाइटी के सदस्यों द्वारा सकारात्मक योगदान दिया जाएगा ।जिलाधिकारी द्वारा यह भी कहा गया कि कोविड–19 रेड क्रॉस के लिए यह एक अवसर है सहयोग भावना प्रदर्शित करने के लिए।मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनुज मलिक अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कोरोना काल में इसआवश्यकता है एवं सदस्यों से अपील की कि आमजन में टीकाकरण के भ्रम को दूर करें तथा लोगों में जागरूकता फैलाएं।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खडडा अरविंद कुमार, तमकुहीराज एआर फारूकी, डीसी मनरेगा प्रेमप्रकाश सहित सोसायटी के सदस्यों सहित समाजसेवी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस के द्वारा किए गए गिरफ्तारी पर उठे सवाल?

**– अभियुक्त के परिजनों ने कहा परिवार को बदनाम करने व फर्जी तरीके से फंसाने की साजिश**

अमित रेखा–अल्केन्द्र पाण्डेय तहसील प्रभारी

तमकुहीराज–कुशीनगर। बीते पखवाड़े जनपद के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के कठकुईयां मोड़ के समीप नकली शराब फैक्ट्री व शराब बनाने के विभिन्न उपकरणों सहित तरया सुजान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा करनपट्टी निवासी कुंदन कुमार पुत्र लक्ष्मण गुप्ता की गिरफ्तारी पर प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों सहित परिजन काफी आक्रोशित हैं तथा दोष का सारा ठीकरा जनपद के स्वाट टीम सहित पुलिस के सिर फोड़ रहे हैं। बताते चलें कि कुंदन कुमार पुत्र लक्ष्मण गुप्ता उम्र लगभग सोलह ध्‍ सत्रह वर्ष,साकिन– करनपट्टी, थाना–तरया सुजान, जनपद–कुशीनगर, तरया सुजान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कोईन्दी बुजुर्ग निवासी अपने नाना परमा गुप्ता के यहां रहकर पढ़ाई करता है तथा अपने नाना के किराना दुकान में हाथ बंटाता है। बीते पखवाड़े स्वाट टीम व कुबेरस्थान थाना पुलिस द्वारा कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया तथा विभिन्न संगीन धाराओं में निरूद्ध करते हुए अभियोग पंजीकृत कर दिया गया। जिससे उसके नाना के घरवालों सहित प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं और पुलिसिया कार्यवाही की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करने की बात कह रहे हैं।प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार जिस कुंदन कुमार को नकली शराब फैक्ट्री के विभिन्न उपकरणों सहित गिरफ्तारी का जो लोकेशन कठकुईयां मोड़ दिखाकर मु०अ०स०–64ध्‍2021, धारा 419,420,467,468,471,272,भादवि 60ध्‍72 आबकारी अधिनियम व 54ध्‍64 कापीराईट्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है।वह पूरी तरह पूर्वाग्रह से प्रेरित व अभियुक्त के परिवार को बदनाम करने की साजिश है। क्योंकि जिस कुन्दन कुमार को स्वाट टीम द्वारा कठकुईयां मोड़ से उठाने की बात उल्लेखित किया गया है।प्रत्यक्षदर्शीयो के अनुसार उस दिन कुंदन कुमार अपने नाना के गन्ने खेत में पम्पिंगसेट से पानी चला रहा था कि चार पहिया वाहन से कुछ पुलिस कर्मी आए और कुंदन कुमार को उठा ले गए।

# जिलाधिकारी ने विकास खंडों का भ्रमण कर लिया नामांकन तैयारियों का जायजा साथ में एसपी व सीडीओ भी रहे मौजूद

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। त्रिस्तरीय पंचायत



चुनाव के तहत ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का विकास खंडो पर 13 अप्रैल एवं 15 अप्रैल को होने वाले नामांकन कार्यो की तैयारियों की जायजा जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन के साथ विकास खंड रामपुर कारखाना, पथरदेवा, तरकुलवा, देसही देवरिया, बैतालपुर एवं गौरी बाजार के नामांकन स्थल का निरीक्षण किया एवं संबंधित आर ओ, ए आर ओ एवं खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन कार्यो को सम्पन्न कराने में कोविड–19, सुरक्षा, राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जाये। सभी जगह सीसीटीवी कैमरा लगाये एवं हर गतिविधियों की रिकार्डिंग अनिवार्य रुप से रखें। नामांकन का कार्य प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक किया जायेगा। उन्होने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना मास्क के अन्दर प्रवेश नही कर सकेगा। मोबाइल का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। नामांकन स्थल के 100 मीटर के दायरे मे कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नही करेगा। उन्होने यह भीकहा कि सभी विकास खंड में तैनात एपीओ नामांकन पत्रोंध्‍प्रपत्रो के स्कैनिंगध्‍अपलोड किये जाने के प्रभारी होगें, जो इस कार्य को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करायेगे। साथ ही उन्होने नामांकन परिसर में कोविड हेल्पडेस्क भी स्थापित किये जाने को कहा। नामांकन कार्य में जुडे सभी अधिकारियोंध्‍कर्मचारियों को टीम भावना से कार्य किये जाने को कहा।पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र ने कहा कि पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी।

वाहन निर्धारित पार्किंग में ही लगाये जायेगें। नामांकन परिसर सहित सभी जगहो पर एहतियाती उपायो को पुलिस अधिकारी अपनायेगें। यह भी विशेष रुप से ध्यान रखेगें कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति परिसर में प्रवेश न कर सके। साथ ही अनाधिकृत कोई भी समान की आवाजाही न हो, इस पर पूर्ण रुप से सजगता बरतेगें। इस दौरान संबंधित खंड विकास अधिकारी व आरओ, एआरओ गण, एडीओ पंचायत व अन्य विकास खंड कर्मी गण आदि उपस्थित रहे।

# भूसा रखने के विवाद में दो पक्षों में जमकर चला लाठी-डंडा और भाला, एक की मौत

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। उत्तर प्रदेश के



देवरिया जनपद के भलुअनी थाना क्षेत्र के एक गांव में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। भलुअनी थाना क्षेत्र के सोनाड़ी गांव में रविवार की देर रात को भूसा रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान भाला घोंपकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई वही उसका बेटा गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची भलुअनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान पुलिस कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।जानकारी के मुताबिक भलुअनी थाना क्षेत्र के सोनाड़ी गांव में रविवार की देर रात को भूसा रखने को लेकर विवाद हो गया। सोनाड़ी गांव के रामचन्द्र सिंह (62) पुत्र स्व. श्लोक सिंह का गांव के बाहर मकान है। रामचन्द्र सिंह अपने खेत से गेंहू की मड़ाई कराए थे। रविवार की रात को वह अपने मकान में भूसा रख रहे थे। तभी पड़ोसी यशवंत सिंह से भूसा रखने को लेकर विवाद हो गया। यशवंत सिंह के परिवार के लोगो ने लाठी डंडा और भाला से रामचन्द्र सिंह पर हमला कर दिए। पिता को पिटते देख छोटा बेटा राजू सिंह (33) बचाने आया। हमलावरों ने पिता पुत्र पर लाठी, डंडे और भाले से हमला कर दिया।इस हमले में रामचंद्र सिंह और उनके पुत्र राजू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग बीच बचाव कर मामले को शांत कराया, परिवार के सदस्य दोनो घायलो को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही रामचन्द्र सिंह की मौत हो गई। जबकि घायल राजू भलुअनी, फिर सदर अस्पताल देवरिया और फिर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। गांव में हुई घटना में हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची भलुअनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या को लेकर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। रामचन्द्र की मौत से घर में कोहराम मच गया। गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। सीओ देवानंद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हिरासत में लिए गए कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा मंच के द्वारा मास्क वितरण कर लोगों को जागरूक किया

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महाराजगंज। महराजगंज आनंद नगर कस्बे मे उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा मंच के द्वारा मास्क वितरण कर लोगों को जागरूक किया। मंगलवार को धानी ढाला पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर अध्यक्ष विक्की



अग्रहरी के अगुवाई में निशुल्क मास्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष विक्की अग्रहरी ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए एवं देश में चल रहे हैं लॉकडाउन में महामारी से बचाव को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कोरोना वायरस से बचाव को लेकर मास्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कहा कि यदि आप चाहते हो निरंतर बाजार खुले व लॉकडाउन ना लगे तो देश से कोरोना वायरस का खात्मा तभी होगा जब आप अपने घरों से निकले मुंह पर मास्क लगाएं एक दूसरे के बीच शारीरिक दूरी बनाकर रखें तभी हम लोग कोरोना वायरस से बच सकते हैं । कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के दाधिकारी शिवम जयसवाल विकास चौरसिया ने कहा जान है तो जहान है के साथ आप सभी मास्क पहने और कोरोना वायरस से बचें। इस दौरान मौजूद रहे अमित अग्रहरी , पंकज पासवान, राकेश कंजर आकाश तिवारी, नवीन सोनकर ,विक्रांत अग्रहरी ,हिमांशु अग्रहरी ,सूरज मंजीत यादव, रवि मद्धेशिया आदि लोग मौजूद रहे।

# पंचायत चुनावः जिम्मेदार अधिकारी सजगता बरते-आयुक्त

हमीरपुर । पंचायत चुनाव को निष्पक्ष ,शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल श्री दिनेश कुमार सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूट ध्‍ााम मंडल श्री के सत्यनारायण की संयुक्त अध्यक्षता में पंचायत निर्वाचन के कार्यों में लगाए गए सभी प्रभारी अधिकारियों ,सभी एसडीएम सीओ तथा अन्य संबंधित कार्मिको के साथ एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। इस मौके पर आयुक्त ने कहा कि पंचायत चुनाव को गांव के पर्व के रूप में मनाया जाए , इसके लिए सभी बूथों पर उच्च कोटि की सफाई व्यवस्था रखी जाए तथा वहां चूना आदि का छिड़काव किया जाय। बूथों पर गुब्बारे आदि लगाकर सुंदर ढंग से सजाया जाए । सभी बूथों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं रैम्प, शौचालय, पेयजल , छाया , रोशनी आदि की समुचित व्यवस्था रखी जाए । इस दौरान उन्होंने मतदान कार्मिकों की उपलब्धता, उनके प्रशिक्षण आदि के बारे में पूछताछ की तथा जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियोंध्‍कार्मिकों द्वारा अस्पताल पहुंचकर कोविड–19 का टीकाकरण अवश्य करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि कल से नामांकन का कार्य प्रारंभ हो रहा है अतः सभी एसडीएम ,सीओ द्वारा प्रत्येक नामांकन स्थल पर जरूरी सुरक्षा उपायों बैरिकेडिंग व्यवस्था तथा पुलिसकर्मियों की ड्यूटी आदि लगाकर उनको रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। कहा कि सभी एसडीएम ध्‍ सीओ द्वारा अपने संबंधित क्षेत्र में जाकर सुरक्षा व्यवस्था ,नामांकन आदि की व्यवस्था तथा इस संबंध में बीडीओ, आरओ ध्‍ एआरओ के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। नामांकन स्थल पर बैरिकेडिंग ,पेयजल ,रोशनी, स्वास्थ्य विभाग की टीम आदि की व्यवस्था अनिवार्यता रहे तथा एक टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित हो । उन्होंने कहा कि नामांकन हेतु सभी आरओ ,एआरओ के पास आवश्यक सामग्री तथा निर्धारित स्थान पर बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहें। नामांकन पत्रों की बिक्री नियमित रूप से चलती रहे इसकी पूरी व्यवस्था रखी जाए , कहा कि नामांकन के समय मतपत्र तथा अन्य जरूरी प्रपत्रों की कोई कमी ना होने पाए इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए । आयुक्त ने कहा कि सभी आरओ ,एआरओ द्वारा चुनाव के सभी कार्य निष्पक्ष ,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाएं इसमें कोई लापरवाही किसी भी स्तर पर न बरती जाए । आयुक्त ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर रास्तों का भली–भांति अवलोकन कर लिया जाए। एसडीएम ,सीओ ,एसएचओ ,सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के चुनाव ना लड़ने वाले 05–05 संभ्रांत एवं निर्विवादित व्यक्तियों के मोबाइल नंबर लेकर उनसे नियमित रूप से संपर्क में रहा जाए तथा गांव के माहौल आदि के बारे में नियमित रूप से फीडबैक लिया जाए । कहा कि सभी आरओ ,एआरओ के पास पर्याप्त मात्रा में मतदाता सूची की व्यवस्था उपलब्ध रहे ,इस मतदाता सूची ध्‍ वर्किंग मतदाता सूची का एसडीएम द्वारा रैंडमली चेक भी किया जाए तथा देखा जाय कि मतदाता सूची से कोई भी पृष्ठ छूटा नहीं है अथवा इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है । इस मौके पर आयुक्त ने सभी सातों विकास खंडों से पार्टी रवानगी की व्यवस्था के इंतजाम के बारे में पूछताछ की तथा कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर पेयजल , वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, एम्बुलेंस सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम की मौजूदगी आदि अनिवार्य रूप से रहे। कहा कि एआरटीओ द्वारा वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था पहले से ही कर ली जाए।

# बायोमेट्रिक मशीन से होगा कर्मचारियों की उपस्थिति

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महाराजगंज। जनपद में पहला नगर पंचायत आनन्द नगर कार्यालय' पर आज से बायोमैट्रिक मशीन के द्वारा होगी कर्मचारियों की उपस्थिति को विवरण ऐसे में कर्मचारियों की उपस्थिति व उनके कार्य प्रणाली पर पैंदी नजर रखी जा सकेगी इस संदर्भ में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह ने कहा कि बायोमेट्रिक मशीन से कर्मचारियों की अब कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नही होगी व उनके समय से कार्यलय पर आने से नगर के सभी नागरिकों को अपने कार्य को कराने में कोई असुविधा नही उत्तपन्न होगी क्योंकि कर्मचारी अपने कार्य को करने के लिए अपने समय से उपस्तित रहेंगे इस कार्य से फरेंदा विधायक बजरंग बहादुर सिंह एवं नगर पंचायत आनंद नगर के नगर अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# सड़क पार करते समय एंबुलेंस ने मारी टक्कर वृद्धि की मौत

अमित रेखा प्रतापगढ़। थाना लालगंज अन्तर्गत मेढावा मोड पर सड़क पार करते समय एंबुलेंस ने वृद्ध को मारी टक्कर हुई मौत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल। थाना सांगीपुर के गांव गोंडवा पंडित का पुरवा, निवासी जगदीश प्रसाद शर्मा 75 वर्ष बीते सोमवार को लालगंज बाजार से दवा लेकर वापस घर आ रहे थे जैसे ही मेढावा मोड़ लखनऊ लालगंज मार्ग पर सड़क पार कर रहे थे समाने से आ रही एक एंबुलेंस ने उन्हें टक्कर मार दी घायल अवस्था में लालगंज सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया टक्कर मारकर एंबुलेंस लालगंज की तरफ भाग निकली मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# कृषक बन्धु गेहूं के डंठल जलाए नही बल्कि भूसा बनाएं-उप निदेशक कृषि

**– डंठल जलाने पर एन0जी0टी0के निर्देशानुसार देना होगा जुर्माना**

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। उप निदेशक, कृषि अरुण कुमार चौधरी ने जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं को अवगत कराया है कि गेहॅू के डंठल को जलाये नही बल्कि उसका भूसा बनायें तथा उसे खेत में पलट कर उसकी उर्वरा शक्ति बढ़ायें। उन्होंने बताया कि डंठल को जलाने पर कृषि विभाग के द्वारा गठित क्षेत्रीय टीम कृषकों से माननीय राष्ट्रीय हरित अभिकरण के निर्देशानुसार जुर्माना भी वसूल करेगी, पुरे अभियान के नोडल अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी होगें। सहायक विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड में टीम के ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी की जिम्मदारी सौंपी गयी है, साथ ही उन्होंने निर्देशित किया है कि प्रेत्यक न्याय पंचायत के कृषि विभाग के क्षेत्रीय किसान सहायक किसानों को डंठल जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करें, तथा गेहूँ के डंठल से भूसा बनाने हेतु कृषकों को जागरुक करेंगें। डंठल जलाने पर एन0जी0टी0 के निर्देशानुसार देना होगा जुर्माना। कृषि भूमि का क्षेत्रफल 22 एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड रूपये 2500–प्रति घटना कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से अधिक किन्तु 05 एकड़ तक होने की दशा में अर्थदण्ड रुपये 5000–प्रति घटना।कृषि भूमि का क्षेत्रफल 05 एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड रुपये 5000– प्रति घटना।उन्होने कहा कि किसान अपने खेत में डंठल को जलायें नहीं, बल्कि उसका भूसा बनायें या उसे खेत में ही पलट कर उसकी उर्वरा शक्ति बढायें। डंठल को खेत में जलाने से खेत मे छिपे मित्र कीट मर जाते है जिससे कि खेत की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है तथा वायुमंडल भी प्रदूषित होता है।

# पुलिस अधीक्षक ने नेबुआ नौरंगिया थाने का किया औचक निरीक्षण

**– आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर की गई सारी तैयारियों का लिया जायजा**

अमित रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सचिन्द्र पटेल ने मंगलवार को नेबुआ नौरंगिया थाने का औचक निरीक्षण किया, उन्होंने थाना कार्यालय में रखे सारे अभिलेखों, अपराध रजिस्टर और आगंतुक रजिस्टर का निरीक्षण कर वहां की सारे अभिलेखों के उचित रखरखाव के लिए उन्होंने थाना प्रभारी



निरीक्षक पवन कुमार सिंह को निर्देशित किया। उन्होंने आगंतुक रजिस्टर में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उसके निस्तारण की स्थितियों के विषय मे भी पूछताछ की। उन्होंने पुलिसकर्मियों से साफ शब्दो मे कहा कि थाने में आने वाले आगंतुको के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करें तथा उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल उन पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया जाये। साथ ही महिला हेल्प डेस्क पर महिला फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने और उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्ता पूर्वक अतिशीघ्र निस्तारण हेतु दिशा निर्देश भी दिये। आगामी पंचायत चुनाव के संबंध में की गई सारी तैयारियों का जायजा लेने के बाद सभी को सतर्क रहने के लिए भी निर्देशित किया। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की हर एक गतिविधियों पर नजर रखने की भी हिदायत दी। किसी के भी द्वारा किसी भी प्रकार के प्रलोभन या की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये क्योकि हर कीमत पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने के लिये हमे तैयार रहना है।

# जीत की लय बनाये रखने उतरेगी RCB, सनराइजर्स की नजरें पहली जीत पर

चेन्नई। जीत के साथ आगाज करने वाली विराट कोहली की रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर का इरादा इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस लय को कायम रखने का होगा। आरसीबी ने पांच बार की गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान का आगाज किया। वहीं डेविड वार्नर की कप्तानी वाली सनराइजर्स को पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मात दी। पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद आरसीबी की बल्लेबाजी प्रतिभाशाली देवदत्त पडीक्कल की वापसी से और मजबूत होगी। पडीक्कल कोरोना संक्रमण से उबर चुके हैं और अब खेलने के लिये पूरी तरह से फिट है। वह 22 मार्च को कोरोना संक्रमण की चपेट में आये थे और पृथकवास पर थे। पडीक्कल बुधवार को नहीं भी खेल पाते हैं तो आरसीबी के लिये कोहली और वाशिंगटन सुंदर पारी की शुरूआत करेंगे। आरसीबी आने वाले मैचों में मोहम्मद अजहरुद्दीन और आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जाम्पा को उतार सकती है। आरसीबी के लिये बल्लेबाजी का दारोमदार एबी डिविलियर्स और कोहली पर होगा जबकि आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भी अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। पहले मैच में वह सहज दिखे और कप्तान कोहली समेत टीम प्रबंधन का उन्हें समर्थन हासिल है। कर्नाटक के 20 वर्ष के खब्बू बल्लेबाज पडीक्कल ने पिछले सत्र में 15 मैचों में टीम के लिये सर्वाधिक 473 रन बनाये थे। अपने पहले ही सत्र में उन्होंने पांच अर्धशतक जड़े थे। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में छह मैचों में 218 और विजय हजारे ट्रॉफी में सात मैचों में 737 रन बनाये। पहले मैच में नाकाम रहने के बाद रजत पाटीदार और सुंदर सनराइजर्स के खिलाफ योगदान देना चाहेंगे। मुंबई के खिलाफ मैच में आरसीबी के सभी गेंदबाज किफायती साबित हुए। हर्षल पटेल ने 27 रन देकर पांच विकेट लिये और वह इस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे।



## संजू सैमसन के शतक बावजूद रॉयल्स हारा, पंजाब किंग्स चार रन से जीते

*सैमसन के अलावा रॉयल्स का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। पंजाब की टीम की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए।*



मुंबई। संजू सैमसन के करियर के तीसरे और इंडियन प्रीमियर लीग 2021 के पहले शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को बड़े स्कोर वाले रोमांचक मैच में सोमवार को यहां पंजाब किंग्स के हाथों चार रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स ने कप्तान लोकेश राहुल के 50 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों की मदद से 91 रन और दीपक हुड्डा (28 गेंद में 64 रन, छह छक्के, चार चौके) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 105 रन की तेजतर्रार साझेदारी की बदौलत छह विकेट पर 221 रन बनाए। राहुल ने क्रिस गेल (40) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी। राहुल और हुड्डा की पारियों की बदौलत पंजाब की टीम अंतिम आठ ओवर में 111 रन जोड़ने में सफल रही। इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल कप्तानी पदार्पण में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने संजू सैमसन (119 रन, 63 गेंद, 12 चौके, सात छक्के) के ताबड़तोड़ शतक के बावजूद सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। सैमसन के अलावा रॉयल्स का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। पंजाब की टीम की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 35 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने खाता खोले बिना ही बेन स्टोक्स का विकेट गंवा दिया जिन्होंने मोहम्मद शमी की गेंद को हवा में लहराकर उन्हीं को कैच थमा दिया। सैमसन ने शमी पर चौके जबकि मनन वोहरा ने झाय रिचर्डसन पर छक्के के साथ खाता खोला। रिचर्डसन के इस ओवर में मुरुगन अश्विन ने बाउंड्री पर वोहरा का कैच टपका दिया। वोहरा हालांकि जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और अर्शदीप सिंह को

## कुमार संगकारा ने कहा, अगली बार दस गज और आगे मारकर हमें जीत दिलायेगा संजू सैमसन



मुंबई।राजस्थान रॉयल्स टीम के निदेशक कुमार संगकारा ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में आखिरी गेंद पर स्ट्राइक अपने पास रखने के संजू सैमसन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उसे जिम्मेदारी लेते देखना अच्छा लगा। कप्तान सैमसन ने 63 गेंद में 12 चौकों और सात छक्कों की मदद से 119 रन बनाये लेकिन आखिरी गेंद पर अर्शदीप सिंह को छक्का लगाने के प्रयास में आउट हो गए। पंजाब ने वह मैच चार रन से जीता। रॉयल्स को आखिरी दो गेंद में पांच रन चाहिये थे लेकिन पांचवीं गेंद पर सैमसन ने रन लेने से इनकार करके क्रिस मौरिस को वापिस भेज दिया। संगकारा ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' संजू को भरोसा था कि वह टीम को जीत तक ले जायेगा और वह करीब करीब ले भी गया। आखिरी गेंद पर वह पांच या छह गज पीछे रह गया वरना वह छक्का ही होता।'' उन्होंने कहा ,'' संजू को ऐसा करते देखकर अच्छा लगा। आप एक रन से चूकने की बात कर सकते हैं लेकिन मेरे लिये अहम बात खिलाड़ी का खुद पर भरोसा और प्रतिबद्धता है। संजू ने मैच को फिनिश करने की जिम्मेदारी ली लेकिन कुछ गज से चूक गया। अगली बार वह दस गज आगे मारकर हमें जीत दिलायेगा।'' यह पूछने पर कि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कैसे कर सकता है, संगकारा ने कहा ,'' जब आपकी शुरूआत शानदार होती है तो हर कोई निरंतरता की बात करता है। यह समझना होगा कि मैच दर मैच इसमें फर्क होता है। मैं चाहता हूं कि वह इस समय पूरी तरह से चिंतामुक्त होकर अगली गेंद के बारे में सोचे।'' उन्होंने तेज गेंदबाज चेतन सकारिया और बल्लेबाज रियान पराग की भी तारीफ की। उन्होंने कहा ,'' रियान खास खिलाड़ी है और यह सभी ने देखा। शमी ने अपने सारे अनुभव के साथ उसे बम्पर डाली और रियान बल्ला अड़ा नहीं सका। मुझे रियान को बेखौफ होकर खेलते देखना अच्छा लगता है।'' उन्होंने कहा ,'' सकारिया ने इतने ऊंचे स्कोर वाले मैच में भी अच्छी गेंदबाजी की और शार्ट फाइन लेग पर शानदार कैच लपका। '' सकारिया के लिये यह कठिन समय था जिसके छोटे भाई ने जनवरी में आत्महत्या कर ली थी। उस समय वह मुश्ताक अली ट्रॉफी खेल रहा था। एक टेंपो चालक के बेटे सकारिया को रॉयल्स ने एक करोड़ 20 लाख रूपये में खरीदा।

## रुपये में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट, डॉलर के मुकाबले 32 पैसे लुढ़का

मुंबई। वृहद आर्थिक आंकड़ों को जारी किये जाने से पहले घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के बीच विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 32 पैसे गिरकर 75.05 (अनंतिम) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इसके अलावा, कच्चे तेल की बढ़ती कीमत, विदेशी निधियों की धन निकासी और देश में कोविड–19 के बढ़ते मामलों से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ गया।

अन्तर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 74.97 पर खुला और कारोबार के दौरान 74.78 से 75.14 रुपये के बीच घट बढ़ में रहा। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने पिछले बंद भाव शुक्रवार के 74.73 के मुकाबले 32 पैसे की हानि दर्शाता 75.05 रुपये प्रति डालर पर बंद हुआ। रुपये में यह लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट आई है।

इन छह दिना में रुपये में 193 पैसे की हानि दर्ज हुई है। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला, डॉलर सूचकांक, 0.05 प्रतिशत घटकर 92.12 रह गया। वैश्विक मानक माने जाने वाला, ब्रेंट क्रूड वायदा 0.56 प्रतिशत तेजी के साथ 63.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर चल रहा था। उधर, बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 1,707.94 अंक की हानि के साथ 47,883.38 अंक रह गया। वहीं, व्यापक आधार वाले निफ्टी सूचकांक में भी 524.05 अंक की गिरावट दर्ज की गई। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे जहां उन्होंने शुक्रवार को बाजार से 653.51 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

## ओएनजीसी ने केजी बेसिन क्षेत्र की गैस बिक्री के लिये खरीदारों से बोलियां आमंत्रित की

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने सोमवार को अपने केजी बेसिन क्षेत्र से शुरुआती तौर पर 20 लाख घन मीटर प्रतिदिन गैस की बिक्री के लिये बोलियां आमंत्रित की। इसके लिये न्यूनतम बिक्री मूल्य 6.6 डॉलर प्रति इकाई (10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट) रखा गया है। निविदा दस्तावेज के अनुसार ओएनजीसी की अपने केजी–डीडब्ल्यूएन 98⁄2 ब्लॉक से प्राकृतिक गैस की बिक्री जल्द शुरू करने की योजना है। ओएनजीसी का यह क्षेत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज लि.–बीपी पीएलसी द्वारा संचालित केजी–डीछ फील्ड से सटा हुआ है। शुरू में ई–नीलामी के जरिये बिक्री के लिये 20 लाख घन मीटर प्रतिदिन गैस की पेशकश की गयी है। ओएनजीसी ने ब्रेंट क्रूड तेल के भाव के आधार पर बोलियां आमंत्रित की है। इसके तहत ब्रेंट क्रूड तेल की तीन महीने की औसत कीमत के न्यूनतम 10.5 प्रतिशत पर बोलियां मांगी गयी है। मौजूदा ब्रेंट क्रूड तेल की कीमत 63 डॉलर प्रति बैरल है। इस हिसाब से न्यूनतम मूल्य 6.6 डॉलर प्रति इकाई बैठता है। हालांकि, यह मूल्य सरकार द्वारा हर छह माह में तय किये जाने वाले गैस मूल्य के दायरे में होगा। वर्तमान में गहरे समुद्री क्षेत्रों से निकलने वाली गैस के लिये एक अप्रैल से शुरू छह महीने के लिये यह सीमा 3.62 डॉलर प्रति इकाई है। इसका मतलब है कि बोलीदाता गैस के लिये 7 डॉलर की पेशकश कर सकते हैं। लेकिन खरीदारों को उच्चतम मूल्य सीमा 3.62 डॉलर से अधिक भुगतान नहीं करना होगा। ओएनजीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मौजूदा सरकारी मूल्य सीमा एक अक्टूबर को होने वाली छमाही समीक्षा में 5.5 से 5.6 डॉलर हो जाने का अनुमान है। उसने कहा, ''मौजूदा मूल्य सीमा गहरे सागर स्थित क्षेत्र से उत्पादन की न्यूनतम लागत का एक तिहाई कम है। मुद्रा की लागत के साथ मार्जिन जोड़ने पर गैस मूल्य 6 डॉलर प्रति यूनिट होना चाहिए न कि 3.62 डॉलर।



## संक्षिप्त



### हार के बावजूद मैन ऑफ द मैच बने संजू सैमसन, दिया यह बयान

मुंबई। संजू सैमसन के शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच में चार रन से हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद टीम के इस कप्तान ने कहा कि वह रॉयल्स को जीत दिलाना पसंद करते लेकिन इससे बेहतर कुछ नहीं कर सकते थे। पंजाब किंग्स ने कप्तान लोकेश राहुल के 50 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों की मदद से 91 रन और दीपक हुड्डा (28 गेंद में 64 रन, छह छक्के, चार चौके) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 105 रन की तेजतर्रार साझेदारी की बदौलत छह विकेट पर 221 रन बनाए। इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल कप्तानी पदार्पण में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने संजू सैमसन (119 रन, 63 गेंद, 12 चौके, सात छक्के) के ताबड़तोड़ शतक के बावजूद सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। सैमसन ने मैच के बाद कहा, ''अपने अहसास को बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। अपनी टीम को जीत दिलाना पसंद करता। मुझे नहीं लगता कि मैं इससे बेहतर कुछ कर सकता था।'' सैमसन को टीम को जीत दिलाने के लिए अंतिम गेंद पर छह रन की दरकार थी लेकिन वह बाउंड्री के समीप दीपक हुड्डा को कैच दे बैठे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगा था कि मैंने छक्के के लिए गेंद को अच्छी तरह मारा है लेकिन ऐसा नहीं हुआ।'' दोनों टीमों ने इस मुकाबले में काफी कैच टपकाए जिस पर सैमसन ने कहा, ''कई कैच छूट जाते हैं और अच्छे कैच पकड़े भी जाते हैं। यह खेल का हिस्सा है।

### सूर्या रोशनी ने नुमालीगढ़ रिफाइनरी से 299 करोड़ रुपये का आर्डर प्राप्त किया

नयी दिल्ली ।बल्ब, ट्यूबलाइट और स्टील पाइप जैसे उत्पाद बनाने वाली सूर्या रोशनी ने सोमवार को कहा कि उसने ओडिशा में पारादीप नुमालीगढ़ क्रूड ऑयल पाइपलाइन परियोजना के लिए नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड को कार्बन स्टील पाइप की आपूर्ति को लेकर 299 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल किया है। सूर्या रोशनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''कंपनी ने पारादीप नुमालीगढ़ क्रूड ऑयल पाइपलाइन परियोजना के लिए नुमालीगढ़ रिफाइनरी को बाह्य रूप से लेपित कार्बन स्टील लाइन पाइपों की आपूर्ति के लिए 299.07 करोड़ रुपये का ऑर्डर (जीएसटी छोड़कर) प्राप्त किया है। इसमें कहा गया है कि इस आर्डर को 15 महीनों के भीतर पूरा किया जाना है।

### कमजोर हाजिर मांग से कच्चातेल वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने के कारण वायदा बाजार में कच्चा तेल की कीमत सोमवार को पांच रुपये की गिरावट के साथ 4,429 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल महीने में डिलिवरी वाले कच्चा तेल अनुबंध की कीमत पांच रुपये यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,429 रुपये प्रति बैरल रह गयी। इसमें 5,445 लॉट के लिये कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने की वजह से वायदा कारोबार में कच्चातेल वायदा कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड का भाव 1.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59.07 डॉलर प्रति बैरल चल रहा था जबकि वैश्विक मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड का भाव 1.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62.67 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर था।

### कमजोर मांग से तांबा वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। घरेलू बाजार की कमजोर मांग के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को तांबा वायदा भाव 0.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 683.50 रुपये प्रति किलो रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह में डिलीवरी होने वाले अनुबंध के लिये तांबा का भाव 6.35 रुपये यानी 0.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 683.50 रुपये प्रति किलो रह गया। इसमें 2,761 लॉट के लिये सौदे किये गये।बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण सटोरियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से मुख्यतरू यहां तांबा वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### ताजा सौदों की लिवाली से सोयाबीन वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। हाजिर मांग में तेजी के कारण व्यापारियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को सोयाबीन की कीमत 220 रुपये की तेजी के साथ 6,800 रुपये प्रति क्विन्टल हो गई। एनसीडीईएक्स में सोयाबीन के अप्रैल माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 220 रुपये अथवा 3.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,800 रुपये प्रति क्विन्टल हो गई जिसमें 20,955 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसी प्रकार, सोयाबीन के मई माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 204 रुपये या 3.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,667 रुपये प्रति क्विन्टल हो गई जिसमें 1,15,075 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि बाजार की अधिक मांग की वजह से सटोरियों की ताजा लिवाली के कारण मुख्यतः वायदा कारोबार में सोयाबीन कीमतों में तेजी आई।

### कोविड के बढ़ते मामलों के बीच जबर्दस्त बिकवाली से सेंसेक्स में 1,708 अंक की बड़ी गिरावट

मुंबई। कोविड–19 संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों के बीच निवेशकों की जबर्दस्त बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 1,708 अंक का गोता लगा गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 1,707.94 अंक या 3.44 प्रतिशत के नुकसान से 47,883.38 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 524.05 अंक या 3.53 प्रतिशत के नुकसान से 14,310.80 अंक पर बंद हुआ।

## सम्पादकीय........

### ब्रिटिश साम्राज्य का काला चेहरा,जलियाँवाला बाग हत्याकांड

गांधी जी जब दक्षिण अफ्रीका से भारत आये तो उन्होंने रॉलेट एक्ट का विरोध करने का आह्वान किया तो ब्रिटिश सरकार ने कई क्रांतिकारियों को रॉलेट एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार करके कठिन यातनाएं दी जो आज की युवा पीढ़ी दिशा विहीन हो चुकी है।"दे डू नॉट नो अबॉउट काला पानी पनिशमेंट गिवेन बाई दि ब्रिटिशर्स टू दि फ्रीडम फाइटर। गाँधी जी के आह्वान पर जनता में आक्रोश बढ़ गया और लोग सड़कों पर उतर आये। ब्रिटिश सरकार के मनाही के बावजूद जलियाँवाला बाग में (जो अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास है ) एक विशाल जनसभा का आयोजन 13 अप्रैल 1919 को हंसराज नामक व्यक्ति ने किया था। बाद में वह सरकारी गवाह बन गया। 12 अप्रैल 1919 को शहर के हिन्दु महासभा स्कूल में हुई बैठक में सर्वसम्मति से 13 अप्रैल को सायं 4:30 बजे जलियाँवालाबाग में जलसा के बाद वन्देमातरम हॉल में अंग्रेज साम्राज्य के खिलाफ विरोध सभा का आयोजन करने की योजना थी। एक अंग्रेज ऑफिसर कर्नल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर जो बड़ा ही क्रूर था, उसने अपने सैनिकों के साथ जलियाँवाला बाग को घेर लिया, बिना चेतावनी दिए अकारण ही निहत्थी जनता पर गोलियां चलवा दी। उसमें सैकड़ों लोग मारे गए, 2000 के ऊपर घायल हुए और कुछ लोग तो जान बचाने के लिए कुँए में कूद पड़े। कुँआं लाशों से भर गया। यह ब्रिटिश इतिहास की एक शर्मनाक घटना थी जो जालियांवाला बाग में दीवारों पर गोलियों के निशान आज भी नजर आते है। यह घटना सुनकर सरदार भगत सिंह जिनकी उम्र 12 वर्ष की रही होगी, अपने स्कूल से पैदल चलकर पहुंचे थे। जनरल डायर मुख्यालय पहुंचकर अपने अधिकारियों को टेलीग्राम किया। उस पर भारतीयों की एक फौज ने हमला कर दिया, जिससे बचने के लिए गोलियां चलानी पडी। पंजाब के उपराज्यपाल माइकल ओ डायर ने ब्रिगेडियर जनरल रेजीनाल्ड डायर को 30 हजार पाउंड की राशि से सम्मानित किया था और कहा था तुमने सही कदम उठाया , तुम्हारे निर्णय कोमैं अनुमोदित करता हूँ।13 अप्रैल को हर वर्ष वैशाख के महीने में सिर्फ पंजाब में ही नहीं बल्कि पूरा भारत वर्ष में कनक की फसल यानी गेहूं की फसल की कटाई शुरू हो जाती है। इस दिन पंजाब के लोग परंपरागत भांगड़ा और गिद्दा डालते है। यह त्यौहारसिख समुदाय सामूहिक रूप से मनाते है। बूढ़े–बच्चे व जवान धरती– आकाश में थिरकने लगते है। इसी दिन 13 अप्रैल1699 को श्रीसगढ़ साहिब आनंदपुर में सिख समाज के अंतिम गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कर अत्याचार को समाप्त किया था।हर वर्ष की तरह 13 अप्रैल को पंजाबियों का सबसे बड़ा मेला लगता है। हजारों लोग दूर–दूर से आते हैं। जालियांवाला बाग की घटना उधम सिंह ने अपनी आंखों से देखी थी। उसकी मां नारायण कौर और पिता टहल सिंह का देहांत उधम सिंह जी के बाल्यकाल में ही हो गया था। कोई नजदीकी रिश्तेदार ना होने के कारण दूर के रिश्तेदारों ने अनाथालय में उन्हें भर्ती करवा दिया था। उधम सिंह के बचपन का नाम शेर सिंह था लेकिन अनाथालय में इसका नाम उधम सिंह रखा गया। अनाथालय में ही पढ़ लिखकर बड़े हुए। अगले दिन पुनः उधम सिंह जालियांवाला बाग गए। उन्होंने देखा एक औरत कुछ ढूंढ रही है। उसका नाम अतर कौर भाटिया था और पति का नाम झागमल भाटिया था।

## आज का राशिफल

मेष :– दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

बृषभ :– अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिंन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मिथुन :– भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कर्क :– भौतिक–सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे–संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

सिंह :– घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

कन्या :– भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे–संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

तुला :– बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

वृश्चिक :– निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

धनु :– राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

मकर :– भावनाओं पर नियंतण्ररख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्रेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी–पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मीन :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्टा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

# छत्तीसगढ़ में नक्सली हिंसा का नवीनतम प्रकरण

**डॉ. हनुमन्त यादव**

*छत्तीसगढ़ सरकार ने कोबरा कमांडो जवान राकेश्वर सिंह को छुड़ाने के लिए नक्सलियों की शर्त मानकर उनकी इच्छानुसार मध्यस्थता समिति का गठन कर दिया। बस्तर के सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री धरमपाल सैनी इस 11 सदस्यीय मध्यस्थता समिति के अध्यक्ष थे एवं गोंडवाना समाज के अध्यक्ष तेलम बेरिया, सात पत्रकार और छत्तीसगढ़ शासन के दो अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल थे। मध्यस्थता समिति के अध्यक्ष एवं बीजापुर के पत्रकारों के अनुसार कमांडो जवान राकेश्वर सिंह मन्हास को नक्सलियों ने जन अदालत के माध्यम से बिना शर्त रिहा किया है। नक्सलियों ने मध्यस्थता समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को 7 अप्रैल को सूचित किया कि वे तर्रेम से 10 कि.मी. की दूरी पर उस क्षेत्र के 20 गांवों के ग्रामीणों की जन अदालत लगा रहे हैं उसी जन अदालत में राकेश्वर सिंह को मध्यस्थता समिति को सौंपा जायेगा।*

3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर जिला के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा खोजी संयुक्त सुरक्षा बलों पर घात लगा कर किए गए हमले में 22 जवानों के शहीद होने के समाचार राष्ट्रीय समाचार माध्यमों में सुर्खियों में बने रहे। शनिवार 3 अप्रैल को यू.जी.एन.एल., रॉकेट लांचर, इंसास व ए.के–47 सरीखे आधुनिक आयुधों से लैस नक्सलियों के हमले में सुरक्षा बलों के 22 जवान शहीद हुए और 30 जवान घायल हुए। कोबरा कमांडों बटालियन के एक जवान राकेश्वर सिंह मन्हास का शव नहीं मिलने के कारण उसे लापता बताया गया था। नक्सलियों ने हमले में सुरक्षा बलों के हथियार, गोला–बारूद, वर्दी और मारे गए सुरक्षा बलों के जूते तक लूट लिए। नक्सलियों की खोज के लिए संयुक्त सुरक्षा अभियान में सी.आर.पी.एफ. की बस्तरिया बटालियन, डी.आर.जी., सी.एफ. , एस.टी.एफ, और कोबरा बटालियन शामिल थी। शहीद हुए 22 जवानों में 8 जवान कोबरा कमांडो बल के थे। 4 अप्रैल को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नक्सलियों से निपटने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए प्रातरू दिल्ली में अपने निवास पर शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक, दोपहर को जगदलपुर में राज्य के उच्च सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक तथा बीजापुर में जवानों को श्रद्धाजंलि देने का समाचार राष्ट्रीय समाचार माध्यमों में दिन भर छाया रहा। बीजापुर में जवानों को श्रद्धाजंलि अर्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद थे। 5 अप्रैल को पीएलजीए की दण्डकारण्य स्पेशल झोन कमेटी ने एक पर्चा जारी करके उसमें कोबरा कमांडो बटालियन के तथाकथित लापता जवान राकेश्वर सिंह मन्हास को बंधक बनाए जाने की बात स्वीकारते हुए उसको छोड़ने के लिए कुछ शर्तें रखीं। नक्सलियों ने इसके लिए एक मध्यस्थता समिति बनाने की बात कही। छत्तीसगढ़ सरकार ने कोबरा कमांडो जवान राकेश्वर सिंह को छुड़ाने के लिए



नक्सलियों की शर्त मानकर उनकी इच्छानुसार मध्यस्थता समिति का गठन कर दिया। बस्तर के सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री धरमपाल सैनी इस 11 सदस्यीय मध्यस्थता समिति के अध्यक्ष थे एवं गोंडवाना समाज के अध्यक्ष तेलम बेरिया, सात पत्रकार और छत्तीसगढ़ शासन के दो अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल थे। मध्यस्थता समिति के अध्यक्ष एवं बीजापुर के पत्रकारों के अनुसार कमांडो जवान राकेश्वर सिंह मन्हास को नक्सलियों ने जन अदालत के माध्यम से बिना शर्त रिहा किया है। नक्सलियों ने मध्यस्थता समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को 7 अप्रैल को सूचित किया कि वे तर्रेम से 10 कि.मी. की दूरी पर उस क्षेत्र के 20 गांवों के ग्रामीणों की जन अदालत लगा रहे हैं, उसी जन अदालत में राकेश्वर सिंह को मध्यस्थता समिति को सौंपा जायेगा। नक्सलियों ने मध्यस्थता समिति को आगाह कर दिया था कि यदि आसपास सुरक्षा बलों की मौजूदगी हुई तो जवान को नहीं सौंपा जायेगा। जन अदालत में लगभग 3000 ग्रामीण मौजूद थे। जन अदालत में काफी बहस के बाद नक्सलियों द्वारा बांधे गए राकेश्वर सिंह को मध्यस्थता समिति के अध्यक्ष धरमपाल सैनी को सौंपने का निर्णय लिया गया। मैंने वर्ष 1978 से वर्ष 1984 के 7 वर्षों में दक्षिण बस्तर की 5 प्रमुख जनजातियों की कृषि एवं लघु वनोपज आधारित जीवन शैली के 3 प्रक्षेत्र अध्ययन किए थे। इसके लिए उन जनजातियों के बहुल क्षेत्रों से प्राथमिक समंक एकत्रित किए गए थे। इस संबंध में बस्तर के जिला प्रशासन अधिकारियों का अपेक्षित सहयोग मिला था। उन्होंने ग्रामीणों से साक्षात्कार करने हेतु पटवारी की सेवाएं एवं थानागुडी में ठहरने की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। दक्षिण बस्तर के सभी विकास खंडों के ग्रामों के ग्रामीणों से बातचीत में जब भी नक्सलियों का जिक्र आता था, ग्रामीण बड़े आदर भाव से उनका जिक्र करते थे। वे सबसे अधिक नक्सलियों की जन अदालत की प्रशंसा करते थे, जिसमें नक्सली ग्रामीणों से मौखिक शिकायत प्राप्त होते ही नक्सली आनन फानन में जांच–पड़ताल कर उसी दिन या अगले दिन जन अदालत में न केवल निर्णय सुना दिया जाता था बल्कि दोषी व्यक्ति को उसी दिन सजा भी दे दी जाती थी। नक्सलियों के कानून में सरकारी मुखबिरी की सजा मौत मानी गई है। नक्सलियों का दावा है कि दक्षिण बस्तर के जनजाति बहुल ग्रामों के ग्रामीण उनकी जन अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय दिलाने और वनवासियों के शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए चलाए गए अभियान के कारण आदरभाव से उनकी पूजा करते हैं। पूंजीपतियों द्वारा बस्तर में उद्योग लगाने और सरकार द्वारा चौड़ी पक्की सड़कें बिछाने से दूसरे राज्यों के गैरआदिवासी व्यवसायियों एवं ठेकेदारों द्वारा बस्तर के ग्रामीणों के शोषण का द्वार खुलकर मजबूत हो जाएगा इसलिए वे इसका विरोध करते हैं। इसीलिए पहले वे जन अदालत से आदेश प्राप्त करके सरकारी ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित ग्राम सभाओं में उद्योगों और सड़क आदि विकास योजनाओं के विरूद्ध प्रस्ताव पारित करके जन आन्दोलन प्रेरित कर समर्थन देते हैं। सवाल उठता है कि यदि नक्सलवादी बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा आदि जिलों में इतने अधिक लोकप्रिय हैं तो वे यदि इन जिलों की विधानसभा, जिला पंचायत, जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत के चुनाव में खड़े होते हैं तो भारी बहुमत से विजयी हो सकते हैं। वे ग्राम स्वराज निकायों पर काबिज होकर अपने मन माफिक नीतियां बनवा सकते हैं, योजनाओं को क्रियान्वयन करके भ्रष्टाचार एवं लाल फीताशाही समाप्त कर सकते हैं। दरअसल बस्तर में साम्यवादी दल एम.एल. की जनमुक्ति गुरिल्ला सेना को ही नक्सलवादी कहा जाता है। वर्तमान में इसके क्षेत्रीय कमांडर माडवी हिड़मा है। इस गुरिल्ला सेना के कार्यक्षेत्र में संवैधानिक लोकतांत्रिक संस्थाओं के चुनाव आते ही नहीं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद लगभग हर पांच साल में नक्सली रणनीति बनाकर ऐसी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं जिसमें दर्जनों जवान मारे जाते रहे हैं। सदैव ही जवानों को श्रद्धांजलि देते समय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री अपने बयानों में दोषियों को कड़ी सजा देने और नक्सलवाद समाप्त करने की बात करते रहे हैं, किन्तु नक्सली बदस्तूर सुरक्षा जवानों की हत्याएं करते रहे हैं। मध्यस्थता होने पर जवानों को छोड़ने के बदले व्यवहार में कुछ चुनिंदा नक्सलियों की रिहाई करनी पड़ती है। अभी जो स्थिति है उसके अनुसार छत्तीसगढ़ में नक्सली कमजोर नहीं हुए हैं वे आगे आगे आने वाले दिनों में भी आधुनिक हथियारों से लैस सुरक्षा बलों पर हमला करके अपनी शक्ति का अहसास कराते रहेगें। इसका एक कारण यह भी है कि जगदलपुर से लेकर दिल्ली तक कार्यरत सिविल सोसाइटी संगठनों का नक्सलियों को नैतिक समर्थन है।

# सराहनीय पहल है 'बैड बैंक'

**डॉ अश्विनी महाजन**

लंबे समय से एनपीए (नॉन परफार्मिंग एसेट्स) की समस्या से जूझ रहे बैंकों की मुश्किलों को आसान करने के तमाम प्रयास चल रहे हैं. केंद्रीय बजट में सुझाया गया एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसी) यानी 'बैड बैंक' का प्रावधान भी एक और प्रयास कहा जा सकता है. सबसे पहले सरकार इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी (आइबीसी) एक्ट लेकर आयी और पहली बार दिवालियापन के लिए कोई ठोस कानूनी पहल की गयी. माना गया कि इससे 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार होगा, क्योंकि नुकसान के कारण देनदारी नहीं चुका पाने की स्थिति में (यानी दिवालिया होने पर) परिसंपत्तियों को आसानी से बेच कर व्यक्ति छुटकारा पा सकता है. साथ ही, इसका लाभ यह था कि बैंकों के लिए भी अपनी बैलेंसशीट साफ रखना संभव हो पायेगा. उसके उपरांत देखा गया कि पिछली सरकारों के समय दिये गये कर्ज की अदायगी में कोताही होने के कारण बैंकों की आर्थिक हालत बिगड़ने के कारण उन्हें पूंजीगत मदद की भी जरूरत है. सरकार ने पिछले वर्षों में अपने खजाने से अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, ताकि बैंकों के घाटे की भरपाई हो सके. इन प्रयासों से बैंकों को डूबने से तो बचा लिया गया, लेकिन एनपीए की समस्या बनी रही. हालांकि बैंकों के एनपीए जो 2017–18 तक आते–आते 11.2 प्रतिशत तक पहुंच गये थे, सितंबर 2020 तक वे 7.5 प्रतिशत तक कम हो गये थे, लेकिन पिछले वर्ष कोविड महामारी के कारण व्यवसायों को नुकसान के चलते ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि सितंबर 2021 तक वे फिर से बढ़ जायेंगे. रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के हवाले से पता चलता है कि वे 13.5 प्रतिशत तक भी बढ़ सकते हैं. अदालती आदेश के अनुसार जिन ऋणों की अदायगी कोरोना के चलते आगे बढ़ा दी गयी थी, उच्चतम न्यायालय ने उन्हें एनपीए घोषित करने पर रोक लगा दी थी, लेकिन अब न्यायालय ने इस रोक को हटा दिया है, तो बैंकों को उन ऋणों को एनपीए घोषित करना पड़ेगा. इससे एनपीए में भारी वृद्धि हो सकती है. जानकारों का मानना है कि कोविड के कारण उत्पन्न अन्य समस्याओं का भी प्रभाव एनपीए पर पड़ सकता है. जब अमेरिका में 2007–08 में बैंक धराशायी हो रहे थे, उस समय अमेरिका के राजस्व विभाग ने बैंकों के उन ऋणों को खरीद लिया, जिनकी वापसी नहीं हो पा रही थी तथा बाद में बाजार ठीक होने पर उन्हें बेहतर कीमत पर बेच दिया. इस उपक्रम में विभाग को फायदा ही हुआ. लगभग वैसा ही कदम भारत सरकार उठाने जा रही है, जिसे एआरसी का नाम दिया गया है. यह कंपनी सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन एंड एनफोर्समेंट और सिक्योरिटीज इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अंतर्गत स्थापित होगी. इसकी स्थापना हेतु उस कंपनी के पास स्वयं स्वामित्व की 100 करोड़ की राशि होना जरूरी है. जिन दबावग्रस्त परिसंपत्तियों को यह कंपनी खरीदेगी, उसके 15 प्रतिशत के बराबर उसके पास पूंजी अनुपात का होना जरूरी होगा. बैंकों को उस परिसंपत्ति के मूल्य का 15 प्रतिशत नकद प्राप्त होगा और शेष 85 प्रतिशत राशि उसे बॉन्ड और ऋण पत्र के रूप में प्राप्त होगी, जिसकी देयता अधिकतम छह वर्ष की होगी. अपने कार्य हेतु एआरसी डिबेंचर और बॉन्ड तो जारी कर ही सकता है, इसके साथ वह प्रतिभूति (सिक्योरिटी) रसीद भी जारी कर सकता है. इस वित्त की मदद से बैड बैंक (एआरसी) दबावग्रस्त ऋणों को खरीद सकेगा. खरीदने के बाद एआरसी के पास वे तमाम अधिकार होंगे, जो बैंक के पास थे, यानी वह उन ऋणों का पुनर्गठन या पुननिर्धारण कर सकता है, समाधन कर सकता है, ऋणी के व्यवसाय को बेच सकता है या लीज पर दे सकता है अथवा प्रबंधन को बदल सकता है, लेकिन इसके लिए ऋण दाताओं के 75 प्रतिशत और एआरसी की सहमति जरूरी होगी. यह भी प्रश्न उठता है कि इंसोलवेंसी और बैंकरप्सी कोड (आइबीसी) और एआरसी में अंतर क्या है? दोनों का उद्देश्य एनपीए से छुटकारा पाना ही है, लेकिन समझना होगा कि आइबीसी उधारी के समाधान के लिए बनाया गया है ताकि एक समयबद्ध तरीके से ऋणी जो ऋण नहीं चुका पाते, उन्हें दिवालिया घोषित करते हुए समाधान निकल सके. गौरतलब है कि आइबीसी से पहले इस काम में वर्षों लग जाते थे. दूसरी तरफ, एआरसी का मकसद एनपीए ऋणों को बेच कर बैंकों की बैलेंसशीट को जल्द से जल्द साफ करने का है. दोनों के माध्यम से बैंको की समस्याओं को कम करने का प्रयास हो रहा है.लेकिन आलोचकों का मानना है कि एआरसी से भी समस्या का समाधान नहीं होगा. अधिकतर बैंक सरकारी क्षेत्र में हैं और एआरसी भी सरकारी स्वामित्व में होगा. ऐसे में एक सरकारी संस्था से दूसरी सरकारी संस्था को ऋणों के हस्तांतरण से विशेष अंतर नहीं पड़ेगा. लेकिन समझना होगा कि बैंकों के आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु उनके एनपीए का हस्तांतरण दूसरी संस्था को करना एक अच्छा कदम हो सकता है. साथ ही, विशेष दक्षता प्राप्त करने के बाद एआरसी एनपीए ऋणों से अधिकाधिक वसूली कर सकेगा. अमेरिका के राजस्व विभाग का उदाहरण हमारे सामने है. आशा करनी चाहिए कि धीरे–धीरे एआरसी दक्षता हासिल कर बैंकों की बैलेंसशीट को भी साफ करने में सहायक होगा और अपने निवेशकों के लिए लाभ भी कमा सकेगा. आइबीसी के प्रयास से भी यह बेहतर साबित हो सकता है.



# दीपिका पादुकोण ने MAMI के चेयरपर्सन पद से अचानक दिया इस्तीफा



दीपिका पादुकोण ने ड।डप् (मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज) की चेयरपर्सन के रूप में पद छोड़ दिया है। उन्होंने ये जानकारी अपने सोशल मीडिया से अपने फैंस को दी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया और स्टोरी पर अपनी तस्वीर के साथ एक पोस्ट शेयर की। दीपिका पादुकोण ने ड।डप् (मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज) की चेयरपर्सन के रूप में पद छोड़ दिया है। उन्होंने ये जानकारी अपने सोशल मीडिया से अपने फैंस को दी।अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया और स्टोरी पर अपनी तस्वीर के साथ एक पोस्ट शेयर की। छपाक अभिनेत्री ने उल्लेख किया कि उन्होंने मामी से इस्तीफा दे दिया है क्योंकि वह अपनी कार्य प्रतिबद्धताओं के कारण विश्वास पर अपना पूरा ध्यान नहीं दे पा रही है। दीपिका पादुकोण ने ड।डप् से दिया इस्तीफा दीपिका पादुकोण लिखा, ष्ड।डप् के बोर्ड में होने के नाते और चेयरपर्सन के रूप में सेवा करना एक गहन समृद्ध अनुभव रहा है। एक कलाकार के रूप में यह दुनिया भर के सिनेमा और प्रतिभाओं को मुंबई, मेरे दूसरे घर से एक साथ लाने के लिए प्रेरित कर रहा था। मुझे पता चला है। हालांकि, मेरे काम की वर्तमान स्लेट के साथ, मैं ड।डप् को अविभाजित ध्यान देने में असमर्थ रहूंगी, जिसके कारण मैं पद से इस्तीफा दे रही हूं। उन्होंने आगे कहा, ष्मैं यह जानकर विदा होती हूं कि ड।डप् संभव सबसे अच्छे हाथों में है और अकादमी के साथ मेरा बंधन और संबंध एक ऐसा है जो जीवन भर रहेगा।ष किरण राव की जगह ली थी दीपिका पादुकोण ने दीपिका को किरण राव की जगह जुलाई 2019 में ड।डप् चेयरपर्सन बना दिया गया था। किरण ने चार साल तक ट्रस्ट की अध्यक्षता की। दीपिका ने ड।डप् का हिस्सा बनने पर खुशी जताई थी। उन्होंने कहा था, ष्यह एक पूर्ण सम्मान और एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे मामी के दृष्टिकोण पर विश्वास है और हम एक ऐसा समुदाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो सिनेमा प्रेमियों और हमारे जैसे फिल्मकार राष्ट्र के निर्माता वास्तव में इसके लायक हैं।ष मामी के बारे में मुंबई अकादमी ऑफ मूविंग इमेज (ड।डप्) एक सार्वजनिक ट्रस्ट है जो मुंबई में वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन करता है जिसे मुंबई फिल्म महोत्सव (डथ्थ्) के रूप में जाना जाता है।

## कोरोना वायरस से जंग जीत कर घर वापस लौटे अक्षय कुमार



अभिनेता अक्षय कुमार जो हाल ही में कोरोना वायरस की चपेट में आ गये थे। उन्हें ब्ट्प्क्–19 के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। 10 दिन बाद अक्षय कुमार अब वायरस से उबर गए हैं। अभिनेता अक्षय कुमार जो हाल ही में कोरोना वायरस की चपेट में आ गये थे। उन्हें ब्ट्प्क्–19 के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। 10 दिन बाद अक्षय कुमार अब वायरस से उबर गए हैं। सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि करते हुए, अभिनेता की पत्नी और लेखक, ट्विंकल खन्ना ने अक्षय कुमार के घर लौटने की खुशखबरी साझा की। अक्षय कुमार की हेल्थ रिपोर्ट को साझा करते हुए उन्होंने द सिम्पसंस से प्रेरित युगल के एक मोनोक्रोम कैरिकेचर पोस्ट किया, और अपनी खुशी का खुलासा किया क्योंकि अक्की आखिरकार घर लौट रहे हैं। उन्होंने लिखा, ”सुरक्षित और स्वस्थ अक्षय पूरी तरह से ठीक होकर घर वापस आ गये। अब सब कुछ ठीक है। आपको बता दे कि जैकलीन फर्नांडीज और नुसरत भरूचा के साथ अपनी आगामी फिल्म श्राम सेतुश की शूटिंग के दौरान अक्षय ने सकारात्मक परीक्षण किया था। इसके बाद उन्होंने अपने सोशल मीडया पर अपने कोरोना से संक्रमित होने की जानकारी दी थी। मैं घरेलू संगरोध में हूं और आवश्यक चिकित्सा देखभाल की मांग की है।

## किआरा आडवाणी ने वार्कआउट वीडियो शेयर कर फैंस से पूछा– ‘क्या मैं फिर से ऐसा कर पाउंगी’



बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अक्सर उनके फोटोज वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। इसी बीच उनकी एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें वो एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अक्सर उनके फोटोज वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। इसी बीच उनकी एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वो एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को एक्ट्रेस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वो अपने ट्रेनर के साथ बैकफ्लिप लगाती नजर आ रही हैं। वीडियो को इंस्टा. स्टोरी पर शेयर कर उन्होंने कैप्शन लिखा, ‘क्या मैं फिर से ऐसा कर पाउंगी।’ हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर किया था, जिसमें वो ब्लैक कलर की जैकेट पहने मुस्कुराती नजर आ रही हैं। इस फोटो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने लिखा, ‘अपनी चेहरे की हँसी को कभी खोने मत देना।’ वहीं किआरा आडवाणी अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा को डेट करने को लेकर काफी चर्चा में हैं। दोनों को अक्सर साथ में घूमते हुए और पार्टी करते स्पॉट किया जाता है। हालांकि अभी तक दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कोई ऑफिशियल जानकारी साझा नहीं की है। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस जल्द ही विष्णुवर्धन के निर्देशन में बनी फिल्म ‘शेहशाह’ में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में किआरा आडवाणी अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आने वाली हैं। ये फिल्म इंडियन आर्मी ऑफिसर और कारगिल के हीरो ‘कैप्टन विक्रम बत्रा’ के जीवन पर आधारित हैं। वहीदा रहमान की तस्वीर, फोटो साभाररू प्देजंहतंउ इसके अलावा अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित फिल्म ‘भूल भुलैया 2’ में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता कार्तिक आर्यन, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव नजर आने वाले हैं। ये फिल्म साल में आई अक्षय कुमार की फिल्म ‘भूल भुलैया’ का सीक्वल है। फिल्म की शूटिंग को अभिनेता के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद से रोक दिया गया है।

## ब्लैक स्विमसूट में टीना दत्ता ने पानी में लगाई आग



















छोटे पर्दे की जानी–मानी एक्ट्रेस टीना दत्ता सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वो फैंस के साथ आए दिन दिलचस्प पोस्ट शेयर करती नजर आ जाती हैं। हाल ही में टीना कुछ ऐसे ही कारणों से चर्चाएं बटोर रही हैं। उन्होंने अपने सोशल एकाउंट पर वैकेशन के दौरान बेहद बोल्ड फोटोज शेयर की हैं।



# नवरात्रि स्पेशलः दही आलू रेसिपी

इस साल चौत्र नवरात्रि 13 अप्रैल को शुरु हो रहे हैं। इस दौरान लोग देवी दुर्गा की पूजा करने के साथ व्रत भी रखते हैं। ऐसे में अगर आप भी व्रत रख रही है तो दही आलू बनाकर खा सकती है। तो आइए जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

सामग्री–

घी– 2 बड़े चम्मच

जीरा– 1 छोटा चम्मच

आलू– 2–3 ( उबले हुए)

काली मिर्च– 1 छोटा चम्मच

सेंधा नमक– 1/2 छोटा चम्मच

घी– 1/2 छोटा चम्मच

जीरा– 1/2 छोटा चम्मच

हरी मिर्च– 1 (बारीक कटी)

अदरक– 1 छोटा चम्मच (बारीक कटा)

काली मिर्च पाउडर– 1/2 छोटा चम्मच

कद्दू का आटा– 2 छोटे चम्मच

पानी– 1 कप

दही– 1 कप

विधि–

1. पैन में घी गर्म करके उसमें जीरा व काली मिर्च पाउडर भूनें।

2. अब इसमें आलू और सेंधा नमक मिलाएं।

3. आलू को फ्राई कर लें।

4. दूसरे पैन में घी गर्म करके जीरा, हरी मिर्च, अदरक भूनें।

5. मिश्रण के भूनने पर इसमें कद्दू का आटा मिलाएं।

6. अब इसमें दही व पानी डालकर गाढ़ी ग्रेवी बनाएं।

7. अब इसमें आलू डालकर मिलाएं।

8. तैयार दही आलू को सर्विंग डिश में निकाल कर कद्दू के आटे की पूरी के साथ सर्व करें।



# नवरात्रि में भूलकर भी ना करें ये गलतियां, मां हो जाएंगी नाराज







नौ दिन चलने वाले चौत्र नवरात्रि का पर्व कल से शुरू होने वाला है, जो 22 अप्रैल तक चलेगा। ना सिर्फ महिलाएं बल्कि कई लोग मां दुर्गा की अपार कृपा पाने के लिए व्रत और पूजा पाठ करते हैं, ताकि घर में सुख–शांति बनी रहे। मगर, मां की कृपा पाने के लिए व्रत के साथ–साथ कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस दौरान कुछ कामों को करना वर्जित तो कुछ को शुभ माना गया है। चलिए आपको बताते हैं कि नवरात्रि के इन 9 दिनों में आपको किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए...

नवरात्रि में किए जाने वाले शुभ काम

– –विष्णु पुराण के मुताबिक, इन 9 दिनों में शादी–ब्याह या दूसरे शुभ कारज करना अच्छा माना जाता है। दूसरे कारज भी कर सकते हैं।

– नवरात्रि में सोना, कपड़े खरीदना काफी शुभ माना जाता है।

–नए कार्य की शुरुआत या निवेश के लिए भी ये दिन बहुत शुभ माने जाते हैं।

– किसी भी गरीब या फिर किसी ब्राम्हण का अपमान ना करें बल्कि उन्हें दान आदि दें। इससे मां दुर्गा प्रसन्न होंगी।

सबसे पहले जानिए नवरात्रि के पवित्र दिनों में क्या करें और क्या नहीं...

घर की साफ–सफाई

नवरात्रि से पहले घर के जाले निकाल दें और अच्छी तरह सफाई कर लें क्योंकि जहां गंदगी होती है वहां माता वास नहीं करती।

घर को न छोड़े खाली

अगर आपने नवरात्रि के दिनों में घट स्थापना या अखंड ज्योति जलाई है तो इन 9 दिनों में घर को खाली छोड़ने की गलती न करें। साथ ही घर में किसी भी समय व किसी कोने में अंधेरा ना होने दें। दोनों समय मां के समुख ज्योति भी जलाएं और दुर्गा चालीसा या सप्तशती का पाठ करें।

देवी को जल अर्पित करना

देवी के सामने जो कलश स्थापित किया है इसके जल को रोजाना बदलें। कलश के जल को आप पौधे में डाल सकते हैं। साथ ही व्रत रखा हो या नहीं, इन दिनों में गंदे वस्त्र ना पहनें क्योंकि इससे मां लक्ष्मी भी नाराज हो जाती हैं।

न करें खंडित मूर्ति की पूजा

दुर्गा मां की पुरानी या खंडित मूर्ति की पूजा करने की भूल भी ना करें।

16 श्रृंगार करना

मां दुर्गा को चोला, फूलों की माला, हार और नए कपड़ों पहनाकर 16 श्रृगांर करें। वहीं, इन दिनों में महिलाओं को भी अच्छी तरह तैयार होकर रहना चाहिए। ऐसा करना घर–परिवार के लिए भी शुभ माना जाता है।

शांत रहें

जिन घरों में कलह–कलेश रहता है वहां कभी बरकत नहीं होती है। घर में शांति और सद्भाव रखने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है।

इन चीजों का करें सेवन

नवरात्र में शुद्ध आहार का सेवन करना जरूरी है और प्याज, लहसुन, नॉनवेज, शराब आदि से परहेज रखें, चाहे व्रत रखा हो या नहीं। 9 दिनों तक भोजन में छौंक नहीं लगाना चाहिए।

न पहनें इस रंग के कपड़ें

काले और नीले रंग, चमड़े की बेल्ट व चप्पल–जूते, बैग आदि ना ही तो पहनें और ना ही इनकी खरीददारी करें। पूजा में बैठें तो लाल, पीले, गुलाबी या हरे रंग के कपड़ें पहनें।

नाखून और बाल काटना

इन नौ दिनों नाखून, दाढ़ी–मूंछ और बाल काटना भी वर्जित माना जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने व्रत रखा हो।

महिलाएं रखें इस बात का ख्याल

–मासिक धर्म के दौरान नवरात्रि व्रत और पूजन नहीं करना वर्जित माना जाता है।

–व्रत करने वाली महिलाओं को दिन में सोना नहीं चाहिए। इससे घर में बरकत नहीं आएगी।

–व्रती स्त्री को ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।

–लाल–हरे रंग की चूड़ियां पहनना भी इन दिनों में शुभ माना जाता है।

# डायबिटिक मरीज व्रत में रखें इन बातों का ख्याल, कंट्रोल में रहेगी शुगर





चैत्र नवरात्रि 13 अप्रैल को शुरु हो रहे हैं। इनमें देवी दुर्गा की पूजा करने के साथ व्रत रखा जाता है। नवरात्रि व्रत में खुद को स्वस्थ रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो सेहत का ख्याल रखना और भी मुश्किल हो जाता है। इन्हें ना सिर्फ अपने खान–पान का ध्यान रखना पड़ता है बल्कि कुछ सावधानियां भी बरतनी पड़ती है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि डायबिटीज के मरीजों को व्रत रखने पर किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए ताकि सेहत संबंधी कोई समस्या ना हो।

1. कुछ न कुछ खाते रहें

डायबिटीज मरीजों को हर 2 घंटे बाद कुछ न कुछ खाना जरूरी है इसलिए आप खाली पेट रहने से बचें। व्रत के दौरान समय–समय पर हल्का–फुल्का खा लें, जिससे की ब्लड प्रेशर नॉर्मल बना रहे।

2. ग्लाइसेमिक इंडेक्स युक्त आहार

व्रत के दौरान डायबिटिक पेशेंट ग्लाइसेमिक इंडेक्स युक्त चीजों का सेवन ही करें क्योंकि इसे डाइजेस्ट करना आसान होता है।

3. ब्लड शुगर की जांच

इस दौरान समय–समय पर ब्लड शुगर की जांच करते रहें। अगर शुगर लेवल 70 से कम हो जाए तो आपके लिए व्रत तोड़ना ही सही होगा।

4. ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं

व्रत के दौरान ज्यादा से ज्यादा पीएं, ताकि दिनभर आप एनर्जेटिक रहें। इससे शरीर हाइड्रेट रहेगा और सेहत भी अच्छी बनी रहेगी।

5. चाय–कॉफी का सेवन करने से बचें

अगर आपको कमजोरी महसूस हो तो चाय–कॉफी का सेवन करने से बचें। इसकी बजाए आप फलों का जूस पी सकते हैं। इससे कमजोरी भी दूर होगी और ब्लड शुगर भी कंट्रोल में रहेगा।

6. हल्का–फुल्का खाएं

डायबिटीज के मरीज व्रत के दौरान फल, फ्रूट जूस और हल्का–फुल्का भोजन ही करें। फ्राई फूड से दूर रहें और मिठाइयां भी कम फेट की ही खाएं।

7. समय पर लें दवाएं

व्रत में अपनी दवाएं लेना न भूलें, चाहे आप कितना भी बिजी क्यों न हो। दवाइयों को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही आप पर भारी पड़ सकती है।

नोट– बेहतर होगा कि डायबिटीज के मरीज व्रत रखने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें और उसके बाद ही व्रत रखें। इसके अलावा अपने खान–पान के बारे में भी डॉक्टर से पूछ लें।



# यूपी में एक दिन की राहत के बाद कोरोना का फिर से कहर, 24 घंटे में मिले 18 हजार से ज्यादा नए मरीज



लखनऊ। कोरोना की दूसरी लहर की स्थिति महाराष्ट्र और दिल्ली की तरह यूपी में बेहद भयावह हो चुकी है। एक दिन की राहत के बाद संक्रमितों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। 24 घंटे में 18021 नए संक्रमित मिले हैं। सोमवार को 13685 नए संक्रमित मिले थे। इस तरह एक ही दिन में इनकी संख्या में 4336 का इजाफा हो गया। अप्रैल माह में कोरोना का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। इस महीने में अभी 13 दिन ही हुए हैं और संक्रमण सात गुना बढ़ गया है। अब तक यूपी के 20 से ज्यादा जिलों में नाइट कर्फ्यू लगाया जा चुका है, इसके बाद भी कोरोना के बढ़ते मामले डरा रहे हैं। यूपी में रविवार को 15 हजार से ज्यादा नए केस आने के बाद सोमवार को 13 हजार के करीब केस आने से थोड़ी राहत मिली थी। लेकिन मंगलवार को 18,021 नए केस आने से संकट फिर बढ़ गया है। इनमें भी लखनऊ का आंकड़ा पांच हजार पार कर गया है। लखनऊ में सोमवार को 3892 संक्रमित मिले थे। मंगलवार को इनकी संख्या 5382 है। लखनऊ को टक्कर देने वाले प्रयागराज ने एक बार फिर वाराणसी को पीछे छोड़ दिया है। प्रयागराज में सोमवार को जहां 1295 नए संक्रमित मिले थे, वहीं आज 1856 नए संक्रमित मिले हैं। वाराणसी में कल 1417 संक्रमित मिले थे। आज 1404 नए कोविड के मामले सामने आए हैं। कानपुर में भी संक्रमण ने अब गति दिखा दी है। सोमवार को यहां पर 716 केस थे वहीं इनकी संख्या 1271 आई है। सीएम के ओएसडी और बुलंदशहर के एसएसपी संक्रमित कोरोना का संक्रमण कहर मुख्यमंत्री कार्यालय पर भी बरपा है। मुख्यमंत्री के ओएसडी अभिषेक कौशिक भी कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री कार्यालय के एक निजी सचिव कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इससे पहले अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी और अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आराधना शुक्ला भी कोरोना संक्रमित हो चुकी हैं। उनका इलाज संजय गांधी पीजीआई में चल रहा है। बुलंदशहर के एसएसपी संतोष कुमार सिंह के कोरोना संक्रमित होने के चलते शासन ने भारती सिंह को बुलंदशहर का कार्यवाहक एसएसपी बनाया है। 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद की कमांडेंट भारती सिंह अगले आदेशों तक एसएसपी बुलंदशहर का कार्यभार संभालेंगी। वहीं, लखनऊ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में 11 डॉक्टर्स की रिपोर्ट पॉजिटिव है। इनके साथ ही तीन मेडिकल स्टाफ भी संक्रमित हैं। यह सभी सिविल अस्पताल में कोरोना की जांच करते समय संक्रमित हुए हैं। गौतमबुद्धनगर में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है। डीएम ने यहां के ग्रेटर नोएडा के सभी स्विमिंग पूल बंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने तत्काल सभी स्विमिंग पूल बंद करने के निर्देश दिया। अब भी अगर कोई स्विमिंग पूल चालू पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का निर्देश है।

## पश्चिम क्षेत्र छोड़ने को मजबूर हुए अपराधी : देवेश पाण्डय,

लखनऊ,(यूएनएस)। राजधानी में अपराध नियंत्रण में लाने के लिए 2 महानगरों नोएडा एवं लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कमिश्नरी लागू की गई थी, कमिश्नरी लागू होने के बाद बहुत हद तक अपराध नियन्तरित हूए भी, लखनऊ पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध पर नियंत्रण करने के लिए, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार पुलिस की सक्रियता और अपराधियों की धर पकड़ से अपराधों में काफी हद तक कमी आई है। पश्चिम क्षेत्र में जब से डीसीपी पश्चिमी देवेश पाण्डेय,ने कमान संभाली है। पश्चिम क्षेत्र में अपराधियों पर नकेल कसती नजर आ रही हैं। यह कहना गलत न होगा कि पश्चिम से अपराध बहुत हद खत्म हो गया है एवं अपराधी पश्चिम क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं। लगातार एक के बाद एक बड़े खुलासे करने के बाद सुर्खियों में छा गए हैं। और अपराधियों के दिल में पुलिस की दहशत भी बैठी है। पुलिस का खौफ अपराधी के दिल में हमेशा रहना चाहिए। अगर अधिकारी पूरी ईमानदारी के साथ निष्पक्षता से किसी भी मामले की जांच करता है और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजता है। तो उस अधिकारी को सम्मान देकर पुरस्कृत करना चाहिए। ताकि अधिकारीयों का हौसला बुलंद रहे। इस मामले में लखनऊ पुलिस आयुक्त डी के ठाकुर बखूबी इस किरदार को निभाने में माहिर हैं वो खुद वक्त वक्त पर इसी तरह देश के जांबाज सिपाहियों को सम्मानित करते रहते हैं। ताकि इनका हौसला हमेशा बुलंद रहे। पुलिस विभाग का इसी तरह गर्व से सीना चौड़ा रहे। और जनता की निगाह में सम्मान बरकरार रहे। पुलिस का काम होता है जनता के साथ इतना घुल मिल जाए कि जनता पुलिस का सहयोग खुले मन से करे,तब जाकर शहर से अपराध का खात्मा मुमकिन है।

## डीएम लखनऊ अभिषेक प्रकाश के वायरल मेसेज पर कार्यवाही की मांग

लखनऊ,(यूएनएस)। एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर ने डीएम लखनऊ अभिषेक प्रकाश के संबंध में चल रहे वायरल व्हाट्सएप मेसेज का संज्ञान लेते हुए अविलंब समुचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है। सीएम योगी आदित्यनाथ तथा अभिषेक प्रकाश सहित अन्य अफसरों को भेजी शिकायत में नूतन ने कहा कि उन्हें एक वायरल व्हाट्सएप मेसेज प्राप्त हुआ जिसके अनुसार मुख्यमंत्री ने अभिषेक प्रकाश की अवैध सम्पत्ति और स्टाम्प ड्यूटी चोरी मामले में जाँच के आदेश दिए हैं। मेसेज के अनुसार सांसद वीरेंद्र सिंह ने अभिषेक प्रकाश द्वारा डीएम लखीमपुर खीरी के रूप में 300 बीघे जमीन तथा डीएम बरेली के रूप में 400 बीघे जमीन खरीदने के साक्ष्य सहित शिकायत डीओपीटी, भारत सरकार को भेजी, जिसपर उत्तर प्रदेश सरकार को जाँच के लिए पत्र लिखा था जिसे नियुक्ति विभाग ने दबाए रखा. उसके बाद जब नियुक्ति विभाग ने डीएम लखीमपुर खीरी और बरेली से आख्या माँगी तो डीएम बरेली ने शासन को पत्र लिखते हुए कहा कि मामला अति गम्भीर है जो स्टाम्प चोरी के साथ साथ राजस्व से भी जुड़ा हुआ है. इस पर मुख्यमंत्री ने एसीएस राजस्व रेणुका कुमार से जाँच कराने की अनुमति दे दी किन्तु अभी तक फाइल दबी हुई है। नूतन ने कहा कि यदि यह मेसेज सही है तो एक अफसर, जिसे डीएम लखनऊ तथा एलडीए उपाध्यक्ष बनाया गया है, पर इतना गंभीर आरोपों का होना अत्यंत ही चिंताजनक एवं गंभीर है. इसके विपरीत यदि यह मेसेज गलत है तो भी यह कम गंभीर नहीं है। अतः नूतन ने इस वायरल मेसेज को संज्ञान में लेते हुए तथ्यों के आधार पर कार्यवाही करने एवं कृत कार्यवाही को सार्वजनिक करने की मांग की है।

## डीआरएम कार्यालय में बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती का आयोजन

लखनऊ,(यूएनएस)। भारतीय संविधान के रचियता एवं अखंड भारत के प्रणेता भारत रत्न ,बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर की पूर्व संध्या पर आज उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा लखनऊ स्थित मंडलीय कार्यालय में कोविड 19 के सम्बंध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के आधार पर आयोजित एक सादे समारोह में, बाबासाहेब के महान कार्यों का उल्लेख करते हुए, उनके प्रति अपने श्रृद्धा सुमन अर्पण करके, उनका स्मरण करते हुए सादर नमन किया गया, इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजय त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित करके एवं बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके राष्ट्र के शिल्पी डॉ अम्बेडकर को अपने श्रृद्धा–सुमन अर्पित करते हुए उनका स्मरण किया, इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजय त्रिपाठी ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के महान कार्यों का उल्लेख करते हुए अवगत कराया कि समृद्ध एवं सशक्त भारत के आधार स्तम्भ एवं भारतीय संविधान के रचयिता बाबासाहेब के अनुकरणीय कार्य ,अद्भुत कार्यक्षमता एवं विपुल ज्ञान प्रत्येक भारत वासी के लिए एक प्रेरणाश्रोत है एवं हमसभी सौभाग्यशाली हैं कि ऐसी महाविभूति ने भारत देश में जन्म लिया,उन्होंने बताया कि बाबासाहेब के सिद्धांतों तथा पदचिन्हों पर चलते हुए ही हम अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं एवं राष्ट्र का बहुमुखी विकास एवं प्रगति संभव है।

## नवरात्र व रमजान के लिए तैयारी : मुख्यमंत्री योगी का निर्देश, सुरक्षा के साथ महामारी से बचाव पर ध्यान दें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर नवरात्र व रमजान से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को स्वयं की सुरक्षा व बचाव के लिए जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि धर्मस्थलों में सैनिटाजेशन, सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क अनिवार्य किया जाए साथ में कोरोना के प्रति जागरूकता और कड़ाई से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिये भी कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 अप्रैल से नवरात्र शुरू हो रहे हैं व 14 अप्रैल से रमजान, ऐसे में प्रदेश भर में सुरक्षा–व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कोविड प्रोटोकॉल का धार्मिक स्थलों में पालन कराए जाने के लिये भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता व सैनिटाइजेशन पर जोर देने को कहा है। कहा कि त्यौहारों पर बढ़ते यात्रियों के मद्देनजर बस स्टेशनों पर कोविड प्रोटोकाल का पालन कराया जाए और बसों का नियमित सैनिटाइजेशन हो। लखनऊ में आठ अस्पतालों को कोविड–19 हॉस्पिटल बनाया गया है वहीं, संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राजधानी लखनऊ में आठ अस्पतालों को कोविड–19 हॉस्पिटल बनाया गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद इसकी व्यवस्था कर दी गई। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि इन आठ अस्पतालों के बढ़ने से राजधानी में 1835 और कोविड बेड की व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के तहत लखनऊ लोकबंधु राजनारायन हॉस्पिटल एल–2 श्रेणी के 250 बेड, रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय एल–2 श्रेणी के 100 बेड, एमसीएच विंग चिनहट एल–2 श्रेणी के 50 बेड, कॅरियर मेडिकल कॉलेज एल–2 श्रेणी के 520 बेड, इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एल–2 श्रेणी के 210 बेड, प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एल–2 श्रेणी के 200 बेड, टीएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एल–2 श्रेणी के 185 बेड, एरा मेडिकल कॉलेज एल–3 श्रेणी के 320 बेड को संक्रमितों के इलाज के लिए कोविड अस्पताल के रूप में अधिसूचित कर दिया गया है। कैंसर संस्थान बनेगा डेडिकेटेड कोविड अस्पताल इससे पहले संक्रमण की रोकथाम को लेकर हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी के सीजी सिटी स्थित कैंसर संस्थान को डेडिकेटेड कोविड अस्पताल बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि राजधानी के हिंद मेडिकल कॉलेज, सफेदाबाद, बाराबंकी के मेयो मेडिकल कॉलेज और अन्य सभी निजी मेडिकल कॉलेजों में भी कोविड बेड बनाए जाएं। एरा मेडिकल कॉलेज, टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज और इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज को भी डेडिकेटड कोविड अस्पताल के रूप में प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। प्रत्येक बेड पर हाई फ्लो नेजल कैन्युला के साथ ही, वेंटीलेटरों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। आरटी–पीसीआर जांच क्षमता 1.50 लाख प्रतिदिन हो मुख्यमंत्री ने कहा कि आरटी–पीसीआर जांच की सुविधा बढ़ाई जाए, जिससे कि आने वाले दिनों में रोजाना 1.5 लाख आरटी–पीसीआर जांच की जा सके। उन्होंने कोरोना जांच के लिए ट्रनैट मशीन का भी उपयोग करने और एंबुलेंसों का इस्तेमाल पूरी क्षमता से करने के निर्देश दिए।



कोरोना के कठिन दौर में शहर में मौतों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को रात आठ बजे तक 130 शव शहर के दो श्मशान स्थलों पर पहुंचे। इसमें ज्यादातर शव संक्रमित माने जा रहे हैं। शवों के अंतिम संस्कार के दौरान लकड़ी कम पड़ जाने से कुछ लोगों ने हंगामा किया। इसके बाद नगर निगम प्रशासन ने लकड़ी की व्यवस्था कराई और ठेकेदारों को लकड़ी की कमी न होने देने की हिदायत दी।

## दिल्ली–लखनऊ बस से जाना अब होगा मुश्किल

लखनऊ। सहारनपुर रीजन में इस महीने रोडवेज बसों की कमी रहेगी। वजह रीजन की 278 रोडवेज बसें चुनाव के लिए मांग ली गई हैं। इन बसों से पुलिस, मतदान कर्मी और होमगार्डों को भेजा जाएगा। परिवहन निगम ने चरणवार बसों का निर्धारण कर दिया है। जिसके चलते देश की राजधानी दिल्ली और प्रदेश की लखनऊ जाना मुशिकल होगा। सहारनपुर रीजन से रोडवेज बसें हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली जाएगी। पंचायत चुनाव में पुलिस और मतदान कर्मचारियों को एक से दूसरी जगह भेजने के लिए रोडवेज बसों का सहारा लिया जाएगा। इसको लेकर रोडवेज को हर जिले से डिमांड मिल गई हैं। 13 से 19 अप्रैल तक खतौली डिपो से 16 बसें सहारनपुर–मुजफ्फरनगर जाएगी। 12 से 19 अप्रैल तक खतौली डिपो से नौ बसें सहारनपुर–मुजफ्फरनर जाएगी। इसी तरह से 27 से 29 अप्रैल तक खतौली डिपो की 26 रोडवेज बसें पुलिस और कर्मचारियों को लेकर हापुड़ जाएगी। 16 से 29 अप्रैल तक सहारनपुर डिपो की 18 व छुटमलपुर से 10 बसें मुजफ्फरनगर, शामली और बुलंदशहर जाएगी। 20 से 26 अप्रैल तक सहारनपुर डिपो की तीन बसें शामली में रहेंगी। 24 से 29 अप्रैल तक सहारनपुर की 21, छुटमलपुर से 10 बसें शामली में होगी। 17 से 19 अप्रैल तक सहारनपुर डिपो की 20, छुटमलपुर से 11 बसें मुजफ्फरनगर रहेगी। 12 से 15 अप्रैल तक मुजफ्फरनगर डिपो की 38 बसें सहारनपुर में रहेगी। 23 से 26 अप्रैल तक मुजफ्फरनगर की 48 बसें मेरठ व शामली में होगी। मुजफ्फरनगर डिपो की 48 बसें 27 अप्रैल को पुलिस और कर्मचारियों को लेकर बुलंदशहर व हापुड़ के लिए रवाना होगी, जो 29 अप्रैल तक वहीं रहेगी। सहारनपुर परिवहन रीजन ने चुनाव में 278 बसों को लगाया हैं। जिनमें सहारनपुर की 62, छुटमलपुर की 31, मुजफ्फरनगर से 134 और खतौली डिपो से 51 बसों को लगाया गया हैं।



# संक्षिप्त समाचार

## साहित्यकार योगेश प्रवीन को दी गई अंतिम विदाई

लखनऊ,(यूएनएस)। वह चले गए उसी सादगी के साथ जैसे ताउम्र रहे। पीछे छोड़ गए मायूस लखनऊ और बेलफ्ज हो गए चाहने वाले। इतिहासकार डॉ योगेश प्रवीन का अंतिम संस्कार मंगलवार को भैसा कुंड में हुआ। उनके छोटे भाई कामेश श्रीवास्तव ने मुखाग्नि दी। उनकी शव यात्रा में करीब 30 लोग शामिल थे बैकुंठ धाम पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए परिवारीजन के अलावा दास्तानगो हिमांशु बाजपेयी, अश्विनी सिंह, हफीज किदवई आदि पहुंचे। इससे पूर्व सुबह विधि न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक ने दिवंगत योगेश प्रवीन के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। वहीं लोगों ने उनसे जुड़ी बातों की स्मृति की।

## मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का आह्वान कर कोरोना मुक्ति की कामना की

लखनऊ,(यूएनएस)। वैदिक मंत्रोच्चारण से गुंजायमान वातावरण, कलश पर आम के पल्लव के ऊपर जलती मां की ज्योति और सप्तशती का पाठ। कुछ ऐसा ही माहौल शहर के घरों में नजर आया। सूर्योदय से लेकर दोपहर बाद तक कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त होने के बावजूद श्रद्धालुओं ने सुबह 10 बजे तक कलश स्थापना कर पूजन शुरू कर दिया। मां के जयकारे के बीच परिवार के साथ सभी ने विधि विधान से मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का आह्वान किया। लकड़ी की चौकी पर कलश स्थापना के साथ ही मां की ज्योति जलाई गई। पुष्प और और मिष्ठान के साथ मां की पूजा–अर्चना की गई। लालरंग की चुनरी से जगमगाता मां का दरबार देखते ही बन रहा है। कोई मां की आरती गा रहा है तो कोई मां को भजनों का गुलदस्ता पेश कर रहा है। मां के आह्वान के साथ ही श्रद्धालुओं का उपवास भी शुरू हो गया हर दिन मां के स्वरूपों की पूजा की जाएगी।मां दुर्गा के मंदिरों में पुजारियों की ओर से मां की ज्योति की स्थापना की गई। संदोहन देवी मंदिर के अध्यक्ष केके मेहरोत्रा ने बताया कि सुबह ज्योति जलाकर पुजारियों ने मां का आह्वान किया। शास्त्रीनगर दुर्गा मंदिर के प्रबंधक राजेंद्र गोयल ने बताया कि ज्योति जलाकर कोरोना मुक्ति की कामना की गई। बड़ी व छोटी काली जी मंदिर, ठाकुरगंज के पूर्वी देवी मंदिर, संतोषी देवी मंदिर व शीतला देवी मंदिरों पर कोरोना संक्रमण की गाइड लाइन के अनुरूप दर्शन हुए।

## सूर्य देव को अर्घ्य देकर नववर्ष की शुरुआत

लखनऊ,(यूएनएस)। राजधानी में मंगलवार को कुड़ियाघाट पर भारतीय नव वर्ष की शुरुआत का पहला दिन होने की वजह से श्रद्धालुओं ने सूर्य की पहली किरण की पूजा कर गंगा से अर्घ्य दिया। श्री शुभ संस्कार समिति के माहमंत्री ऋिद्ध किशोर गौड़ ने बताया कि छत पूजा अर्चना का नए साल का स्वागत किया गया। चौती महोत्सव के संयोजक आदित्य द्विवेदी ने बताया कि घरों में पूजन कर नए साल पर सूर्य देव की उपासना की। कलश स्थापना के साथ हर दिन पाठ होगा। नवमी पर हवन किया जाएगा। पं.शक्तिधर त्रिपाठी ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को वर्ष प्रतिपदा कहा गया है। यह भारतीय कालगणना का प्रथम दिन है। इसी दिन से भारतीय विक्रमी नववर्ष की शुरुआत होती है। मंगलवार से विक्रमी संवत–2078 की शुरुआत हुई। पहला दिन मंगल होने की वजह से इसका राजा मंगल होगा ।

## रमजान को लगा कोरोना का ग्रहण

लखनऊ,(यूएनएस)। लगातार दूसरी बार इस बार भी रमजान को कोराना ग्रहण लग गया है। पूरे एक महीने तक रमजान की चलने वाली रौनकों से लखनऊ मरहूम हो गया है। ववित्र रमजान के दौरान रात भर खुले रहने वाले और भीड़ से आबाद रहने वाले बाजार रात्रि कर्फ्यू के चलते के चलते सन्नाटे में डूब गये। वास्तव में लखनऊ की रौनकों को कोरोना का ग्रहण लग गया। शासन–प्रशासन के साथ सभी धार्मिक लीडर लोगों से केवल अपने को सुरक्षित रखकर ही त्यौहारों को मनाने की अपील कर रहे है। प्रसिद्ध धार्मिक लीडर मौलाना यासूब अब्बास ने लोगो से अपील की है कि रमजान अपने ही घरों पर रहकर मनायें। बुजुर्ग धार्मिक नेताओं, मरकजी कमेटी और विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा प्रदेश सरकार की कोविड–19 गाइडलाइन का पूरा पालन करते हुये पाक रमजान मनायें। अल्लाह की इबादत करें और अपनी नमाज में कोरोना के खात्मे की दुआ करें। खुद सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। यदि जिन्दा रहे तो आगे भी रमजान मना लेगें, मर गये तो परिवार को रोता बिलखता छोड़ने में कोई फायदा नही है। पुराने लखनऊ के सवेदनशील और अत्यधिक घनी बस्तियों वाले क्षेत्र बाजारखाला के एसीपी विजय राज सिंह ने अपने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि प्रमुख त्यौहार रमजान को अपने ही घरों पर मनायें। कोविड की दूसरी लहर के तेजी से फैलते संक्रमण को देखते हुये सरकार की गाइडलाइन का पूरा पालन करते हुये संक्रमण को रोकने में सरकार का पूरा सहयोग करें। उन्होने बताया कि शासन की गाइडलाइन का पूरा पालन कराने के लिये तीनों थानों की पुलिस के साथ मीटिग कर उनकों आदेशित कर दिया है। मंदिर के महंतों के साथ मस्जिदों के मुतव्वलियों व मौलानाओं के साथ बैठक कर उनसे कोविड–19 की गाइडलाइन के पालन पर चर्चा की और उन्होनें इस पर पूरा अमल करने का आश्वासन भी दिया है। साथ ही शासन की गाइडलाइन की एक एक कापी उनकों देकर धार्मिक स्थलों पर चस्पा भी करवा दिया गया है। रात्रि कर्फ्यू का पालन पूरी सख्ती के साथ कराया जा रहा है। उनकी पूरी कोशिश है कि त्यौहार पूरी सावधानी और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो सके।

## डॉ. समीर त्रिपाठी बने विश्व रिकॉर्ड होल्डर रामायण का अर्थ सहित गायन

लखनऊ,(यूएनएस)। प्रतिभा किसी भी उम्र की मोहताज नहीं होती...... 50 की उम्र पार कर चुके डॉ. समीर त्रिपाठी ने कोरोना काल के समय का उपयोग किया। इस दौरान उन्होंने अपने पिता स्व० शिवदत्त त्रिपाठी द्वारा लिखित गीता वाणी नामक पुस्तक से प्रेरित होकर भगवतगीता, शिवस्त्रोत, नारद उवाच आदि मन्त्रों को अपनी सुरीली आवाज में पिरोया है। साथ ही सम्पूर्ण रामचरितमानस को अपनी आवाज में अर्थ सहित गा कर विश्व कीर्तिमान दर्ज किया है। डॉ. समीर त्रिपाठी ने बताया कि इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक उपलब्धि को इंडिया रिकार्डस व हाई रेंज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने अपना प्रमाण पत्र प्रदान भी कर दिया है। अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी संस्तुति मिल चुकी है। उन्होंने बताया भारतीय समाज जिस पश्चिमी सभ्यता का अन्धानुकरण करता है।

# आस्थारूनवरात्रि के प्रथम दिन देवी दर्शन के लिये उमड़े श्रद्धालु

## – कोरोना गाइडलाइन के अनुसार ही श्रद्धालु कर रहे है दर्शन

अमित रेखा – अजय तिवारी नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर।





चौत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंगलवार को देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने के लिये क्षेत्र के सभी देवी मंदिरो के पट दर्शनार्थ हेतु खोल दिये गए हैं। नवरात्र के प्रथम दिन देवी माता के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करने श्रद्धालु अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर भक्तिभाव से पूजा–अर्चना कर रहे है। कोरोना गाइडलाइन के अनुसार सादगीपूर्ण माहौल में मां दुर्गा की पूजा–अर्चना की जा रही है। देवी मंदिरों के पुजारियों और वहा के सेवादारों के द्वारा मां भगवती के दर्शनार्थ में पहुंचे भक्तगणों को सामाजिक और शारीरिक दूरी का पालन करने की सलाह दी जा रही है। यूपी बिहार के बॉर्डर पर स्थित मा मदनपुर देवी और गोबरहिया स्थित देवी का स्थान, खड्डा तहसील क्षेत्र में स्थित बिराभर, भैसहा, भेड़ी जंगल और सिद्धपीठ सीधरिया स्थान स्थित देवी स्थान को श्रद्धालुओं के पूजा पाठ और दर्शन हेतु पूर्ण रूप से सजा कर तैयार कर दिया गया है, और यहा पर श्रद्धालुओं के आने जाने का क्रम देर शाम तक चला और इन सभी स्थानों पर अच्छा खासा मेला भी लगा था। जिसका लुफ्त लगभग हर किसी ने उठाया, यहाँ पर अनेको जगह बच्चो को अपने अभिवावकों के समक्ष मिठाईया या खिलौना आदि खरीदने के जिद करते हुवे नजर आये, वही व्रती महिला या पुरुष कपूर, अगरबत्ती, लौंग, नारियल और चुनरी सहित अन्य और चढ़ावे के वस्तुओ को खरीदने में मशगूल रहे। इन सभी सिद्धपीठों पर स्थानीय लोगो के अलावा दूर दराज के क्षेत्रों सहित आसपास के जनपदों से भी श्रद्धालु यहां पर पहुचे थे। मदनपुर देवी स्थान पर पहुँचे कुशीनगर जनपद के नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के जगदीस तिवारी, अंकुर मिश्रा, दीपक शुक्ला, सोनू तिवारी, निरंजन कुमार और बृजेश सहित अनेको श्रद्धालुओं ने बताया कि माता के दरबार में पहुंचते ही मन स्थिर हो जाता है।

शारदीय हो या चौत्र का नवरात्रि हर साल हम लोग माँ के चरणों मे शीश झुकाने आते है। इन मंदिरों के पुजारियों, सेवादारों और श्रद्धालुओं के अनुसार श्रद्धा पूर्वक भक्तिभाव से माँ के श्री चरणों मे अपने आपको समर्पित करके मंगा गया मनोकामना जरूर पूरी होती है। माँ के महिमा और लीलाओ के अनेको कथाये आज भी प्रचलित है।

# चौत्र शुक्ल प्रतिपदा नव वर्ष के दिन चौत्र नवरात्र शुरू

**– आदिशक्ति कुटिया स्थान माई के दरबार में लगने लगी भक्तों की भीड़**

**– रामनवमी के दिन यहां लगता है बहुत बड़ा मेला ,मेले में होती है लाखों की भीड़**

**– मान्यता है कि इस स्थान पर मन से जो भी भक्त आराधना किया उसकी साधना हुई पूरी**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव तरयासुजान – कुशीनगर।



चौत्र नवरात्र के पहले दिन तमकुही राज तहसील में एनएच 28 के दक्षिण दिशा मे झर ही नदी के किनारे स्थित आदिशक्ति दुर्गा जी कुटिया माई के स्थान पर क्षेत्र के लोगों ने सुबह से ही पूजा करना शुरू कर दिया यहां पर चौत्र रामनवमी के दिन पिछले बार कोविड–19 के कारण लाकड़ाउन कालचक्र चल रहा था जिसके कारण मेला नहीं लग पाया ईश्वर की कृपा से सब कुछ ठीक रहा तो इस बार बहुत बड़ा मेला लगेगा इस मेले में भीड़ को देखते हुए तहसील प्रशासन द्वारा सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पानी की टंकी पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था कराई जाती है ताकि मेला सुचारू रूप से संपन्न हो सके। आदि शक्ति दुर्गा जी की पौराणिक कथा स्वर्गीय पुजारी रामदेव जी के द्वारा कहा जाता था कि यह क्षेत्र झरही नदी के किनारे बसा है यहां बहुत बड़ा जंगल था जंगल में तरह तरह के जानवर निवास करते थे झरही नदी में पानी पीते थे तमकुही राज एक बहुत बड़ा रियासत था यहां के राजा प्रतापी राजाओं में गणना होती थी शिकार खेलने के माहिर थे वह इस घने जंगल में एक टिला बनाकर इस समय जहां पर निराश्रित पशुओं आश्रम बनाया गया है वहां टीला आज भी मौजूद है इस टिला पर चढ़कर सुरक्षा की दृष्टि से शेर हिरण भालू अनेकों जानवरों का शिकार करते थे शिकार के शौकीन यहां के महाराजा उनके सर की खाल बनाकर अपने महलों को सुशोभित किया करते थे एक दिन घनघोर जंगल में शिकार करने गए वहां दैविक शक्ति की एक आवाज आई की तुम अ सहाय जानवरो का शिकार नित्य दिन करते हो तुम ने हिरण के बच्चे को मार दिया जाओ बच्चे के लिए तड़पते रहोगे यह बाडी सुनी की राजा के होश उड़ गए अपने मंत्रियों को बुलाकर जग कराने की योजना बनाई झर ही नदी के किनारे सैकड़ों वर्ष पुराना नीम के पेड़ के नीचे यज्ञ का आयोजन हुआ बड़े धूमधाम से जग हुए राजा ने शिकार करना छोड़ दिया कुछ दिन बाद में चलकर बचपन अवस्था से ही रामदेव जी पुजारी बताते हैं कि वह सपना देखा तथा अपने पैतृक घर तरया सुजान को छोड़कर इस झरही नदी के किनारे आकर इस नीम के पेड़ के नीचे आराध ाना शुरू कर दी तथा आदिशक्ति कुटिया माई के आशीर्वाद से यहां पुजारी बन गए सैकड़ों वर्ष उम्र बिताने के बाद इसी स्थान पर उनकी तबीयत खराब हुई दवाई इलाज कराते हुए प्राण निकल गए वह स्वर्गवासी हो गए उनकी समाधि आज भी आदिशक्ति कुटिया माई के स्थान के बगल में विराजमान हैं पौराणिक इतिहास में यह बहुत महत्वपूर्ण स्थान है एक बार जो व्यक्ति मन से पूजा करता है उसकी इच्छा जरूर पूरी होती है स्वर्गीय राजा तमकुही स्टेट अपनी मां की पूजा करना शुरू कर दिया था सारी उनकी गलतियों को माता ने माफ कर दिया था । यहां का पौराणिक गाथा के अनुसार विद्यावती देवी महाविद्यालय के प्रबंधक बबलू राय ने सपरिवार पूजा किया मन्नत पूरी होने पर उन्होंने अपने निर्मित यज्ञशाला का निर्माण कराया है।

हरिहरपुर यादव टोला निवासी राम नरेश यादव की मन्नत पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का गेट बनवाया लोहे का गेट लगवाया तुमकुही निवासी डॉ विजय सैन डॉक्टर पी पी गुप्ता प्रधान कृष्णा यादव तमाम क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बाबा रामदेव जी के कहने पर यहां भव्य मंदिर का निर्माण कराया है 100 बरस से ज्यादा पुराना यहां पीपल का पेड़ है जिसमें नीम भी है माता का आश्रम इसी पेड़ पर आता है एक बार कोई भी भक्त दिल से मां की पूजा की तो उसकी सारी मुरादें पूरी हो गई हैं और होगी यह खबर जनहित में इसलिए जारी है कि एक बार अवश्य मां का दर्शन करें यहां पूर्व में पूर्व जिलाधि ाकारी कुशीनगर भी माता का दर्शन कर चुके हैं वर्तमान में इस मंदिर की देखरेख राजा महेश्वर प्रताप शाही के जिम्मे है मंदिर पर पहुंचने के बाद देखा गया कि नगर पंचायत तमकुही के कर्मचारी मंदिर की सफाई में लगे हैं इस मंदिर के पुजारी भूषण दास का कहना है कि सुबह से शाम हो गई अभी तक राजा साहब की तरफ से कुछ भी नहीं भेजा गया है मैं अपने तरफ से प्रसाद खरीद कर जो भी लोग यहां पूजा पाठ करने आ रहे हैं उन को खिला रहा हूं पुजारी की भी भोजन की व्यवस्था राजा की तरफ से नहीं है राजा अब तक इस मंदिर पर नहीं पहुंच पाए हैं जबकि अधि ाकार अपना जमा रहे हैं राजा महेश्वर प्रताप शाही अधिकार जमाने के साथ–साथ इस मंदिर पर ध्यान नहीं दे रहे हैं ।

# नवनिर्मित दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित





**– सात दिवसीय शतचंडी महायज्ञ आरंभ**

अमित रेखा – संतोष पाठक कुचायकोट – गोपालगंज। जनपद के कुचायकोट प्रखंड के बंगरा गांव स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित सात दिवसीय श्री सतचंडी देवोत्वोथापन जीर्णोद्धार प्रतिष्ठा महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हो गया ।कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया ।गाजे–बाजे के साथ निकली या कलश यात्रा बंगरा गांव स्थित महायज्ञ स्थल से निकलकर विभिन्न गांव से होते हुए उत्तरप्रदेश के सियारहा स्थित सीता सरोवर पहुंची। जहां विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश में जल भरने का कार्यक्रम पूर्ण किया गया। पुनः यह यात्रा सियारहा से महायज्ञ स्थल के लिए रवाना हुई। इस दौरान पूरा इलाका श्रद्धालुओं के जय श्री राम और हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा में शामिल लोगों ने तेज गर्मी और धूप का परवाह किए बिना पूरी यात्रा में भक्ति रस में डूबे रहें और जयकारा लगाते रहे। महायज्ञ आयोजन समिति से जुड़े हरेराम राय ने बताया कि 13 अप्रैल से 21 अप्रैल तक 9 दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ मैं ग्रामीणों द्वारा नवनिर्मित ग्रामीण दुर्गा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी ।उन्होंने बताया कि यज्ञ के आचार्य पंडित व्यास मिश्र के नेतृत्व में विद्वान पंडितों की टीम इस पूरे महायज्ञ में पूजन कार्य समेत अन्य वैदिक रीति रिवाजों को पूर्ण कराएगी ।उन्होंने बताया कि यज्ञ में पध ारे विद्वानों के प्रवचन का लाभ यहां के श्रद्धालुओ को मिल सकेगा। वहीं आयोजन समिति के तरफ से महायज्ञ में आने वाले लोगों के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से तारकेश्वर तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, अजित राय, संजय राय, हरेकृ ष्ण राय, देवेंदर राय समेत सैकड़ो भक्त शामिल रहे।

# शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर पुलिस मुस्तैद पुलिस अधीक्षक

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महाराजगंज। महाराजगंज जिले में 19 अप्रैल को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है । जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर पुलिस अध ीक्षक के नेतृत्व में जिले के 19 थानों की पुलिस के जवानों के साथ अलग–अलग स्थानों पर फ्लैग मार्च किया साथ ही साथ अपने अपने क्षेत्र के लोगों से मिलकर चुनाव के दौरान होने वाली अवैध गतिविधियों के संबंध में पुलिस को सूचना देने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया । पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है जिसको देखते हुए जिले के समस्त पुलिस थानों की फोर्स ने अपने–अपने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया वही जहां जहां जिले में संवेदनशील गांव है वहां पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकालकर लोगों को संदेश देना चाह रहे है की जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर पर्याप्त पुलिस फोर्स मौजूद है।



# जिलाधिकारी ने कहा आप सभी मास्क लगाएं

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महाराजगंज। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार व मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सेंगरवाल ने विकास



भवन में डी डी ए जी विनोद कुमार की मृत आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गयी । यह भी प्रार्थना की गयी कि उनके परिवार को इस दुख की घडी में सहनशक्ति प्रदान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि एक दुसरे की सुरक्षा ही सबकी सुरक्षा है आप सभी लोग मास्क लगाये व एक दुसरे को मास्क लगाना,सोशल डिस्टेंशिंग के साथ रहना,हाथ धोना ,सेनेटाइजर का प्रयोग हेतु प्रेरित करें । कोरोना से सावधानियां बहुत ही आवश्यक है। उक्त अवसर पर विकास विभाग में स्थापित कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मा० राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने जनपद के नगरपालिका/नगर अध्यक्षों व सभासदों से वर्चुअल संवाद के माध्यम से जुडे

## – नगरपालिका अध्यक्ष से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

अमित रेखा देवरिया ब्यूरो। प्रदेश के मा0 राज्यपाल श्रीमती आनन्दी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री



श्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा प्रदेश के विभिन्न नगरीय संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के साथ आज वर्चुअल संवाद किया गया। कोविड–19 के रोकथाम, बचाव, वैक्सीनेशन आदि कार्यो में नगरपालिकाध्नगरनिकायों द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी किये गये तथा सभी से पूरी एकजूटता के साथ कोरोना को हराने में अपनी प्रतिबद्धता सहित भागीदारी निभाने को कहा गया। आज जनपद के सभी नगर निकायो, नगरपालिका क्षेत्रों के सभासद गण भी इस कार्यक्रम से अपने संबंधित निकाय कार्यालयों में की गयी प्रसारण व्यवस्था के माध्यम से जुडे। मा0 मुख्यमंत्री जी नगरपालिका परिषद देवरिया की अध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह द्वारा कोविड–19 के रोकथाम के किये जा रहे कार्यो की जानकारी वर्चुअल संवाद के द्वारा किया। एनआईसी में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन, अपर जिलाधि ाकारी प्रशासन कुवर पंकज व भाटपाररानी, सलेमपुर, लार, गौरी बाजार, बरियारपुर, भटनी व रुद्रपुर के चेयरमैनध्उनके प्रतिनिधि सिरकत किए व संवाद कार्यक्रम से जुडे। अध्यक्ष नगरपालिका श्रीमती अलका सिंह ने बताया कि नगरपालिका परिषद देवरिया द्वारा कोविड–19 के रोकथाम के लिये कार्य किये जा रहे है। निगरानी समितियां गठित व सक्रिय है। बाहर से आने वाले सभी की जानकारी ली जाती है और संक्रमित या संभावित लक्षण वाले की जानकारी जिला प्रशासन को दी जाती है। होम कोरोनटाइन के घर के सामने पोस्टर लगाया जाता है तथा कूडे को सैनिटाइज करके उठाया जाता है। कोरोना से बचाव के लिये जन जागरुकता व प्रचार प्रसार के कार्य पब्लिक एड्रेस सिस्टम के द्वारा किए जाते है। वैक्सीनेशन के लिये जनता को जागरुक किये जाने का कार्य किया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद के 80 प्रतिशत कर्मचारियों का वैक्सीनेशन हो चुका है। शेष का भी टीका यथाशीघ्र लगवा दिया जायेगा। वीडियों कान्फ्रेसिंग उपरान्त जिलाधिकारी श्री निरंजन ने एनआईसी हाल में उपस्थित नगर निकायों के प्रतिनिधियो से कहा कि कोरोना से बचाव की लडाई मानवता को बचाने की लडाई है, इसे सभी एकजूट होकर कार्य करेगें तो अवश्य ही यह बीमारी खत्म होगी। उन्होने अध्यक्ष गणो से कहा कि आप सभी लोगो से सीधे जूडे होते हैं, आपकी बातें जन सामान्य के लिये प्रेरणादायी होगी, इसलिये कोरोना से बचाव एवं वैक्सीनेशन कराने के लिये लोगो को जागरुक करने का कार्य करें। फल मंडियों और दुकानो पर यह व्यवस्था बनाये कि बिना मास्क लगाये सामान न मिले। उन्होने नगरीय सभी क्षेत्रो में फागिंग, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, सैनिटाइजेशन आदि कार्यो को प्रमुख रुप से कराये जाने को कहा।

उन्होने कहा कि यदि सोडियम हाइपो क्लोराइड की कमी हो तो उसकी व्यवस्था नगरपालिकाध्नगर निकायो के संसाधनो से कराये। आयोजित इस वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अपर जिलाधिकारी प्रशासनध्नोडल अधि ाकारी नगर निकाय कुवर पंकज, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका रोहित सिंह, भाटपाररानी चेयरमैन संजय जायसवाल, बरियारपुर उमरावती देवी, गौरी बाजार निलेश जायसवाल, भटनी बलराम जायसवाल, सलेमपुर जेपी मद्देसिया, रुद्रपुर एवं लार के अध्यक्ष प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कोविड–19 की नियमित समीक्षा बैठक

## – महिला अस्पताल के एकीकृत कोविड कंट्रोल रूम में बैठक

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र कसया – कुशीनगर। जिलाधिकारी एस० राजलिंगम ने कि। उक्त बैठक में कोविड मृत्यु की समीक्षा की गई। जनपद में जहां जहां कोविड डेथ हुई है वहां की आशा कार्यकर्ताओं से जिलाधिकारी ने पूछताछ किया। एक मार्च से अभी तक कितनी कोविड डेथ हुई है, उसकी फाइल बनाने का निर्देश हुआ। जिलाधि ाकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जो भी मरीज कोविड पॉजिटिव आएंगे उनकी सूचना तत्काल शेयर की जाए। एक दिन में छह कोविड मृत्यु पर गंभीर चिंता जाहिर करते



हुए उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। इस संदर्भ में उन्होंने एंबुलेंस के पहुंचने में विलंब होने पर भी कड़ी फटकार लगाई। अधि ाकारियों को निर्देश दिया गया कि कोविड से संबंधित पोर्टल को प्रत्येक घंटे चेक किया जाए एवं उसकी फाइल बनाई जाए। इस क्रम में कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी डॉ० ताहिर अली से स्पष्टीकरण मांगा गया एवं कहा गया कि हर दिन के मामले को उसी दिन कवर किया जाना चाहिए। इस क्रम में कुबेर स्थान में कांटेक्ट ट्रेसिंग की कम संख्या होने की वजह पूछी गई तथा निर्देश दिया गया कि कांटेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाई जाए ।जिलाधि ाकारी ने आश्वस्त किया कि जो भी मानव संसाधन या अन्य मदद कोविड–19 के संदर्भ में चाहिए वह दी जाएगी लेकिन हमें परिणाम चाहिए। सैनिटाइजेशन की स्थिति की भी समीक्षा की गई थर्मामीटर , पल्समीटर, थर्मल स्कैनर की पर्याप्तता के बारे में भी पूछा गया बेड की व्यवस्था ऑक्सिजनेटेड है कि नहीं इस संदर्भ में भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि आधारभूत संरचनाओं को बेहतर किया जाए। टीकोत्सव के 4 दिन में 22000 टीकाकरण का लक्ष्य था जिसमें 2 दिनों में 15010 टीकाकरण हो चुके हैं यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने दी इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विंध यवासिनी राय, पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र पटेल, अपर पुलिस अध ीक्षक अयोध्या प्रसाद सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० नरेन्द्र गुप्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य सभी अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भटनी थानाध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों द्वारा लिया गया ब्लॉक का जायजा, की गई बैरिकेडिंग

अमित रेखा भटनी देवरिया। आज देवरिया जनपद के भटनी ब्लॉक पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन को ध्यान मे रखते हुए थानाध्यक्ष द्वारा अपनी पूरी टीम के साथ नामांकन स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के साथ साथ उन्होंने ब्लॉक पर जगह जगह बैरियर भी लगवाया । अवगत करा दे की आज देवरिया जनपद मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन का पहला दिन है । वैसे तो आज मंगलवार होने के साथ साथ चौत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस माँ शैलपुत्री का दिन है । यही कारण है कि अधिकांश लोग आज के दिन अपने विजयी होने की कामना लेकर नामांकन कराने अवश्य जाएंगे । इसी भीड़ भाड़ को देखते हुए भटनी थानाध्यक्ष द्वारा ब्लॉक के सभी कर्मचारियों को ब्रीफ भी किया गया तथा कोरोना संबंधित जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए । जिले मे कोरोना पॉजिटिव की संख्या में दिनोंदिन लगातार वृद्धि हो रही है । सरकार ने भी इस सम्बंध मे जरूरी दिशा निर्देश सभी जनपदों पर दे दिया है । इसी क्रम मे आज सुबह से ही थानाध्यक्ष भटनी ब्लॉक पर अपनी पूरी टीम के साथ सजगता पूर्वक सारे महत्वपूर्ण कार्यो को करते हुए दिखे।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमिट प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगें।